विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911



# तरुण छत्तीसगढ़


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 37 अंक 92 | कोरबा, गुरुवार , दिनांक 01 जनवरी 2026 डाक 02 जनवरी 2026 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
एक शिक्षण संस्थान के शिक्षकों ने नए साल की पूर्व संध्या पर लोगों को नए साल 2026 की शुभकामनाएं दीं।






**देश-विदेश**
ऑपरेशन सिंदूर के निर्णायक प्रहार से दुनिया को दिया स्पष्ट संदेश, सरकार बोली- भारत आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा





**फीचर पेज**
लिपस्टिक लगाते समय न करें ये 5 गलतियां, बिगड़ सकता है पूरा लुक




# नए साल पर आस्था का सैलाब, देशभर के मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़



**नईदिल्ली 01 जनवरी [एजेंसी]।**

नए साल 2026 का पहला दिन पूरे देश में भक्ति और उत्साह से भरा है। लोग पार्टी और जश्न की जगह मंदिरों का रुख कर रहे हैं। सुबह से ही प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी हैं। हर कोई नए साल की शुरुआत भगवान के दर्शन और पूजा से करना चाहता है। ठंड के बावजूद आस्था का यह जोश देखते ही बनता था। लोग परिवार के साथ आए, प्रार्थना की और आने वाले साल के लिए सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। दिल्ली से मुंबई और उज्जैन से वाराणसी तक, हर जगह मंदिरों में भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। दिल्ली में झंडेवालान मंदिर और कालकाजी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालु पहुंचने लगे। झंडेवालान मंदिर में मां दुर्गा के दर्शन के लिए लोग लाइन में खड़े होकर इंतजार करते दिखे हैं।

इसी तरह कालकाजी मंदिर में भी भक्तों ने देवी के सामने सिर झुकाकर नए साल की खुशियां मांगी है। लोधी रोड स्थित साई बाबा मंदिर में भी सुबह की आरती में काफी लोग शामिल हुए। मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर में नए साल के पहले दिन हजारों श्रद्धालु जुटे। गणपति बप्पा के दर्शन के लिए लोग रात से ही लाइन लगाने लगे थे। मंदिर ट्रस्ट ने विशेष इंतजाम किए हैं, ताकि भीड़ को संभाला जा सके। सुबह की पहली आरती में शामिल होने वालों की संख्या बहुत ज्यादा थी। भक्तों ने प्रसाद चढ़ाया, घंटियां बजाईं और मनोकामनाएं पूरी होने की प्रार्थना की। कई लोग तो दूर-दूर से आए थे, सिर्फ इसलिए कि नए साल की शुरुआत बप्पा के आशीर्वाद से हो। मध्य प्रदेश के उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर में सुबह की भस्म आरती का नजारा अद्भुत है। हजारों भक्त बाबा महाकाल के दर्शन के लिए जुटे हैं। भस्म आरती के दौरान मंदिर में पूरा वातावरण भक्ति से भर गया है। लोग दूर से आए हैं, ताकि नए साल की शुरुआत महाकाल के चरणों में करें। मंदिर प्रशासन ने भीड़ को देखते हुए सभी जरूरी व्यवस्थाएं की हैं। वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर में भी सुबह की मंगला आरती में भक्तों की भारी भीड़ है। बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए लोग घंटों इंतजार करते रहे। आसपास के घाटों पर भी गंगा आरती हुई, जहां लोग नए साल की शुभकामनाएं देते दिखे।

## मुंबई में झमाझम बारिश से हुआ नए साल का स्वागत, दिल्ली में भी बरस सकते हैं बादल



**नई दिल्ली।** नए साल के पहले दिन उत्तर भारत में सर्दी का सितम देखने को मिला है। वहीं, महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में साल के पहले दिन बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, 1 जनवरी 2026 को देश के बड़े हिस्सों में शीतलहर, घना कोहरा और तापमान में तेजी से गिरावट देखी गई। आईएमडी ने बताया कि नए साल 2026 के पहले दिन मुंबई में सुबह-सुबह हल्की बारिश हुई। इधर, दिल्ली में नए साल की पूर्व संध्या पर पिछले छह सालों में दिसंबर का सबसे ठंडा दिन रहा। वहीं, ठंड की लहर राजस्थान में भी चली। कड़ाके की ठंड देखते हुए असम के गुवाहाटी में स्कूल बंद कर दिए गए। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पिछले छह सालों में दिसंबर का सबसे ठंडा दिन रहा। विभाग ने बताया कि 31 दिसंबर 2025 को दिल्ली में सामान्य तापमान से काफी नीचे रहा। मौसम अधिकारियों ने बताया कि ऐसी ठंडे दिन की स्थिति तब होती है जब दिन और रात दोनों का तापमान औसत से काफी कम रहता है, और आईएमडी के अनुसार, यह ट्रेंड जनवरी की शुरुआत तक जारी रहने की उम्मीद है।

शाम के समय शहर के कई हिस्सों में हल्की धुंध के कारण विजिबिलिटी भी कम हो गई, जिससे यात्रा की स्थिति प्रभावित हुई। विभाग के अनुसार, आज दिल्ली के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। इस समय पूर्वी भारत भी कड़ाके की चपेट में है। आईएमडी के नए बुलेटिन के अनुसार, झारखंड में घने कोहरे की चेतावनी जारी की गई, जिससे कई जिलों में विजिबिलिटी खतरनाक रूप से कम हो गई, जबकि कुछ जगहों पर तापमान 4 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया।

## राष्ट्रपति-पीएम समेत राहुल-अखिलेश ने दीं नव वर्ष की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** देशभर में नववर्ष 2026 का स्वागत उल्लास और उम्मीदों के साथ किया जा रहा है। लोग एक दूसरे को बधाई देकर नए साल का स्वागत कर रहे हैं। इस बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव समेत देशभर के कई नेताओं ने सोशल मीडिया के माध्यम से देशवासियों को नए साल की शुभकामनाएं दी हैं। सभी लोगों ने खुशहाली, लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और प्रगति का संदेश दिया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नव वर्ष के मौके पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, नया साल सकारात्मक बदलावों के साथ आत्मचिंतन और नए संकल्पों का भी अवसर है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को भी सुदृढ़ करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए साल 2026 की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि आने वाला साल सभी के लिए अच्छा स्वास्थ्य, समृद्धि और सफलता लेकर आए। प्रधानमंत्री ने कामों में सफलता और जीवन में संतुष्टि की कामना करते हुए समाज में शांति और खुशहाली की प्रार्थना भी की। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर अपने संदेश में लिखा आप सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं। नया साल आपके जीवन में ढेर सारी खुशियां, अच्छा स्वास्थ्य और सफलताएं लेकर आए। Wishing everyone a very Happy New Year 2026 ! आप सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं। नया साल आपके जीवन में ढेर सारी खुशियां, अच्छा स्वास्थ्य और सफलताएं लेकर आए।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से तीन लोगों की मौत

**होशियारपुर, 01 जनवरी ।**

पंजाब के होशियारपुर में एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि गुरुवार सुबह गढ़शंकर इलाके में एक अज्ञात वाहन ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया।

## स्विट्जरलैंड में मातम में बदला नए साल का जश्न, बार में जोरदार धमाका, कई लोगों की मौत

**स्विट्जरलैंड।** स्विट्जरलैंड के लग्जरी अल्पाइन स्की रिजॉर्ट में नए साल के पहले दिन ही जोरदार धमाके हुआ। इस धमाके में कई लोगों के मारे जाने की आशंका है। स्विस पुलिस ने घटना की जानकारी देते हुए बताया धमाका किस कारण से हुआ है इसकी जानकारी नहीं है। हालांकि, उन्होंने इस घटना में कई लोगों के मारे जाने की बात कही है। स्विट्जरलैंड के क्रान्स-मोंटाना स्की रिसॉर्ट में एक बार में हुए विस्फोट में कई लोगों की मौत हो गई और अन्य घायल हो गए। विस्फोट स्थानीय समयानुसार 01.30 बजे (00.30 जीएमटी) कॉन्स्टेलेशन बार में हुआ। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे अपुष्ट फुटेज में उस बार में आग लगी हुई दिखाई दे रही है जहां नए साल की पूर्व संध्या का जश्न मनाया जा रहा था। पुलिस ने बताया कि प्रभावित परिवारों के लिए एक हेल्पलाइन शुरू की गई है। क्रान्स-मोंटाना स्विस आल्प्स के मध्य में स्थित एक शानदार स्की रिसॉर्ट शहर है, जो स्विट्जरलैंड की राजधानी बर्न से लगभग दो घंटे की दूरी पर है।

## सीआरपीएफ अधिकारी ने केबीसी में दिया फटाफट जवाब

### 1 करोड़ की राशि किया अपने नाम



**बीजापुर 1 जनवरी।** अमिताभ बच्चन का शो 'कौन बनेगा करोड़पति 17' अब अपने अंतिम पड़ाव पर है। शो को दूसरा करोड़पति मिल गया है। रांची के बिप्लव बिस्वास ने 1 करोड़ रुपये के सवाल का सही जवाब दिया है। बिप्लव ने चंद सेकंड में सवाल का जवाब दिया, जिससे सिर्फ अमिताभ बच्चन ही नहीं बल्कि शो देखने वाले दर्शक भी हैरान रह गए। बिप्लव सीआरपीएफ में इंस्पेक्टर हैं और छत्तीसगढ़ के बीजापुर में पोस्टेड हैं। पहले फास्टेस्ट फिंगर राउंड जीतकर बिप्लब बिस्वास हॉटसीट पर बैठे। उन्होंने कहा कि वो शो शुरू करने से पहले अमिताभ बच्चन से गले मिलना चाहते हैं। बिग बी ने उन्हें गले लगाया। इस दौरान बिप्लव ने बताया कि कैसे वे जंगल में काम करते हुए सर्वाइव करते हैं। शो के दौरान उन्होंने अपने सहयोगियों के बलिदानों का भी जिक्र किया। गेम शुरू हुआ तो 5 लाख तक के सवालों का जवाब बिप्लव ने बिना हेल्पलाइन के दिया। 12.50 लाख के सवाल के लिए उन्होंने ऑडियंस पोल लिया और 25 लाख के सवाल पर लाइफलाइन संकेतसूचक का इस्तेमाल किया। 50 लाख के सवाल पर बिप्लव ने फिर से लाइफलाइन का इस्तेमाल किया, इस बार उन्होंने 50-50 चुना। इसके बाद बारी आई 1 करोड़ के सवाल की। बिप्लव ने 1 करोड़ का सवाल सुनते ही कहा कि मैं किसी का समय नहीं बर्बाद करूंगा। यहां और ऑप्शन डी चुना उनका जवाब सही था और कुछ सेकेंड्स में उन्होंने 1 करोड़ जीत लिया। सेकेंडों में जवाब देने से न सिर्फ अमिताभ बच्चन बल्कि वहां मौजूद ऑडियंस भी दंग रह गए। इसके साथ ही उन्हें एक कार भी मिली है। बिप्लव की ज्ञान और समझदारी से प्रभावित होकर अमिताभ बच्चन ने उन्हें अपने परिवार सहित घर पर डिनर के लिए आमंत्रित किया।

## पैन-आधार नियमों से लेकर 8वें वेतन आयोग तक, आज से वित्तीय बदलाव

**नई दिल्ली।** आज से नए साल 2026 की शुरुआत हो गई है और इसी के साथ 1 जनवरी से कुछ ऐसे नए नियम लागू हो रहे हैं, जिनका आम आदमी की जेब पर सीधा असर पड़ सकता है। आज से यानी 1 जनवरी, 2026 से 8वां वेतन आयोग लागू हो रहा है। केंद्र सरकार इसे पहले ही मंजूरी दे चुकी है। इससे प्रत्यक्ष तौर पर करीब 50 लाख कर्मचारियों और लगभग 69 लाख पेंशनर्स को फायदा होगा। नए वेतन आयोग से सरकारी कर्मचारियों के वेतन में 20 से 35 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हो सकती है।

### पटना में बैनरों ने बढ़ाई सियासी हलचल

## क्या 2026 में जदयू की कमान संभालेंगे नीतीश कुमार के बेटे निशांत?



**पटना 01 जनवरी।** नव वर्ष 2026 की दस्तक के साथ ही बिहार की राजनीति में अटकलों और चर्चाओं का बाजार एक बार फिर गर्म हो गया है। राजधानी पटना के प्रमुख चौक-चौराहों पर लगे जदयू समर्थकों के बैनर-पोस्टरों ने सियासी गलियारों में नई बहस छेड़ दी है। इन बैनरों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके बेटे निशांत कुमार को राजनीति में लाने और पार्टी की अगली पीढ़ी का नेतृत्व सौंपने की मांग खुले तौर पर की गई है। बैनरों की भाषा और भाव से यह साफ झलकता है कि जदयू के भीतर एक वर्ग 2026 को नेतृत्व परिवर्तन के साल के रूप में देख रहा है।पटना में लगाए गए इन बैनरों में नव वर्ष की शुभकामनाओं के साथ शायरी और नारे के अंदाज में संदेश लिखा गया है। नीतीश सेवक, मांगे निशांत, चाचा जी के हाथों में सुरक्षित अपना बिहारज अब पार्टी के अगले जेनरेशन का भविष्य संवारें भाई निशांत कुमार जैसे वाक्य सीधे-सीधे इस ओर इशारा करते हैं कि निशांत कुमार को पार्टी की अगली उम्मीद के तौर पर पेश किया जा रहा है। कुछ पोस्टरों में तो यहां तक लिखा गया है कि बिहार की जनता निशांत कुमार को राजनीति में देखना चाहती है।

## काकचिंग में हथियार और विस्फोटकों का बड़ा जखीरा जब्त

**मणिपुर।** काकचिंग जिले में छह हथियार और बड़ी मात्रा में विस्फोटक बरामद किए गए हैं, पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह बरामदगी जिले के वबागई नतेखोंग तुरेनमेई इलाके से की गई। पुलिस ने बताया कि जब्त किए गए हथियारों में एक M-16 राइफल, एक SLR, एक सिंगल-बैरल गन, दो सिंगल-बैरल बोल्ट-एक्शन राइफल और एक 7.65 mm पिस्टल शामिल हैं। उन्होंने बताया कि बरामद किए गए विस्फोटकों और गोला-बारूद में 10 ग्रेनेड, चार डेटोनेटर, दो आर्म रिंग, लगभग 3 द्मद्द वजन का एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस , एक विस्फोटक शेल, एक 51 mm मोर्टार बम, छह आंसू गैस के गोले और 71 जिंदा राउंड गोला-बारूद शामिल हैं।

## पांच राज्यों के चुनाव नतीजे तय करेंगे सियासी दिशा, बंगाल-केरल में गठबंधन की अग्निपरीक्षा

**नई दिल्ली 01 जनवरी ।** नया साल सियासी दलों खासकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और विपक्षी इंडिया गठबंधन के लिए चुनौतियों का साल होगा। नए साल के पूर्वार्ध में केंद्रशासित प्रदेश पुदुचेरी और चार राज्यों केरल, तमिलनाडु, असम व पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणाम देश की सियासत की भावी दशा और दिशा तय करेंगे। केरल में वामदल, तमिलनाडु में डीएमके, पश्चिम बंगाल में टीएमसी, असम व पुदुचेरी में भाजपा की अगुवाई वाले राजग के सामने अपना गढ़ बचाने की चुनौती होगी। भाजपा के लिए विशेष रूप से नया साल चुनौतियों और अवसरों से भरपूर होगा। पार्टी के सामने दक्षिण भारत के केरल और तमिलनाडु में अपनी ताकत साबित करने का अवसर के साथ पश्चिम बंगाल में दशकों से कमल खिलाने की इच्छा को पूरा करने की चुनौती होगी। इसके अलावा असम में जीत की हैट्रिक लगाने और पुदुचेरी में राजग की अगुवाई वाली सरकार को बनाए रखने की भी चुनौती होगी।

वर्ष 2026 में विपक्षी गठबंधन के लिए चुनौती बड़ी है। दरअसल पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में असम, पश्चिम बंगाल और केरल में गठबंधन के घटक दल आमने-सामने होंगे। केरल में कांग्रेस की अगुवाई वाले यूडीएफ और वाम दलों की अगुवाई वाले एलडीएफ के बीच ही मुख्य मुकाबला होगा। इसके अलावा पश्चिम बंगाल में भी टीएमसी का वाम दलों और कांग्रेस के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन के आसार नहीं दिख रहे। पुदुचेरी और तमिलनाडु में विपक्षी गठबंधन की पुरानी एकता बरकरार रहेगी। चुनावी राज्यों में मुख्य रूप से पश्चिम बंगाल पर सबकी नजरें रहेंगी। सत्तारूढ़ टीएमसी के सामने जीत का चौका लगाने की चुनौती होगी, तो मुख्य विपक्षी पार्टी के रूप में उभरी भाजपा के लिए सत्ता हासिल करने की चुनौती रहेगी। बीते चुनाव में भाजपा सत्ता हासिल करने का सपना पूरा नहीं कर पाई थी। हालांकि इस बार टीएमसी से निकाले गए विधायक हुमायूं कबीर के बाबरी मस्जिद की नींव रखने, अलग पार्टी बना कर एआईएमआईएम से गठबंधन की संभावना के कारण टीएमसी को अपने मुस्लिम वोट बैंक में बिखराव का भय सता रहा है। केरल में बीते चुनाव में अपनी सत्ता बरकरार रख वाम दलों के अगुवाई वाले गठबंधन एलडीएफ ने इतिहास रचा था।

### पांच करोड़ नकद, 8.8 करोड़ के आभूषण

## इंद्रजीत यादव के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी में मिली अकूत संपत्ति



**नई दिल्ली 01 जनवरी।** ईडी ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में 24 घंटे से अधिक समय तक चली छापेमारी में भारी मात्रा में नकदी और करोड़ों रुपये के आभूषण बरामद किए हैं। ईडी ने यह छापेमारी इंद्रजीत सिंह यादव, उनके सहयोगियों के ठिकानों पर की। तलाशी अभियान में जांच एजेंसी ने 5.12 करोड़ रुपये नकद, करीब 8.8 करोड़ रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषणों से भरा सूटकेस, चेक बुक से भरा बैग और करीब 35 करोड़ रुपये की संपत्ति से संबंधित दस्तावेज बरामद किए हैं। ईडी की टीम ने 30 दिसंबर को पहले दिल्ली के सर्वप्रिया विहार में एक परिसर में तलाशी अभियान शुरू किया था। यह परिसर अमन कुमार नामक व्यक्ति से संबंधित है, जो कथित तौर पर इंद्रजीत सिंह यादव का करीबी है। यह अभियान अभी भी जारी है।

दरअसल ईडी ने यूएई में रहने वाले इंद्रजीत सिंह यादव के खिलाफ जांच शुरू की है, जो मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में मुख्य आरोपी है। मनी लॉन्ड्रिंग के इस मामले में इंद्रजीत सिंह यादव के साथ ही अपोलो ग्रीन एनर्जी लिमिटेड नामक फर्म और अन्य सहयोगी भी शामिल हैं। इंद्रजीत सिंह यादव के खिलाफ हरियाणा, उत्तर प्रदेश में 15 से अधिक मामले दर्ज हैं और उस पर जबरन वसूली, ऋण निपटान को जबरदस्ती से निपटाने, धमकाने आदि के मामले शामिल हैं। ईडी के अधिकारियों ने बताया कि इंद्रजीत सिंह यादव पर धोखाधड़ी से करोड़ों रुपये की चल-अचल संपत्ति जुटाने का आरोप है। फिलहाल वह फरार है और दुबई में रह रहा है। यादव एक फर्म जेम रिकॉर्ड एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड का नियंत्रक है। जांच में खुलासा हुआ है कि अपोलो ग्रीन एनर्जी लिमिटेड नामक फर्म और अन्य ने हरियाणा में झज्जर और दिघल से प्राइवेट फाइनेंसर्स से बड़ी मात्रा में पैसा उधार लिया और इसकी सिक्योरिटी के लिए चेक दिए, जो बाउंस हो गए।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


# सिगरेट-पान मसाला और तंबाकू पर नए टैक्स और सेस का ऐलान

### 1 फरवरी से होंगे लागू, सिगरेट और बीड़ी पर अलग-अलग दरें

**नईदिल्ली 01 जनवरी [एजेंसी]।**

केंद्र सरकार ने सिगरेट पान मसाला समेत अन्य तंबाकू उत्पादों पर टैक्स को लेकर साल के आखिरी दिन 31 दिसंबर, 2025 को अहम ऐलान किया है। सरकार ने जानकारी दी है कि 1 फरवरी से तंबाकू प्रोडक्ट्स पर एडिशनल एक्साइज ड्यूटी लगाई जाएगी, और पान मसाले पर एक नया सेस लगाया जाएगा। तंबाकू और पान मसाले पर नए टैक्स GST रेट के अलावा होंगे, और ये उस कंपनसेशन सेस की जगह लेंगे जो अभी ऐसे नुकसानदायक सामानों पर लगाया जा रहा है। सरकारी नोटिफिकेशन के अनुसार,



1 फरवरी से पान मसाला, सिगरेट, तंबाकू और ऐसे ही प्रोडक्ट्स पर 40 प्रतिशत जीएसटी लगेगा, जबकि बीड़ी पर 18 प्रतिशत गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स लगेगा। संसद ने दिसंबर में दो बिल पास किए थे, जिनमें पान मसाला बनाने पर नया हेल्थ और नेशनल सिक्योरिटी सेस लगाने और तंबाकू पर एक्साइज ड्यूटी लगाने की इजाज़त दी गई थी। सरकार ने इन लेवी को लागू करने की तारीख 1 फरवरी तय की।

मौजूदा जीएसटी कंपनसेशन सेस, जो अभी अलग-अलग रेट पर लगाया जाता है, 1 फरवरी से खत्म हो जाएगा। भारत में सिगरेट पर कुल टैक्स अभी रिटेल कीमतों का लगभग 53 प्रतिशत है, जो वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन के 75 प्रतिशत के बेंचमार्क से काफी कम है, जिसका मकसद खपत को कम करना है। इसमें 28 प्रतिशत गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स और सिगरेट के साइज़ के आधार पर अतिरिक्त वैल्यू बेस्ड लेवी शामिल है।

## नए साल पर दिल्ली-एनसीआर के लोगों को बड़ा तोहफा, आईजीएल ने पीएनजी के दाम घटाए

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी सिटी गैस रिटेलर इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने दिल्ली और एनसीआर के शहरों में घरेलू रसोई के लिए पाइप से सप्लाई होने वाली प्राकृतिक गैस की कीमतों में 70 पैसे प्रति स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर की कटौती की घोषणा की। यह कटौती पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड द्वारा हाल ही में पाइपलाइन टैरिफ में किए गए बदलाव के बाद की गई है। इससे पहले, थिंक गैस ने भी 1 जनवरी 2026 से लागू होने वाली नई टैरिफ व्यवस्था से पहले कई राज्यों में सीएनजी और घरेलू पीएनजी की कीमतों में कटौती की घोषणा की थी। PNGRB ने 16 दिसंबर को प्राकृतिक गैस के परिवहन से जुड़ी पाइपलाइनों के लिए एक तार्किक और सरल टैरिफ संरचना की घोषणा की थी।

## महापौर संजूदेवी राजपूत ने जिलेवासियों को दी नववर्ष की बधाई



**कोरबा** । कोरबा नगर निगम महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने जिलेवासियों को नववर्ष 2026 की बधाई दी। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि नया साल सभी के जीवन में नई खुशियों, समृद्धियों की सौगात लेकर आए और सबके जीवन में उल्लास का रंग भरे। नया वर्ष हम सबको नया कुछ सिखाए तथा एकता, सद्भाव का पाठ पढ़ाए।

## फल ठेले पर जा बैठा जख्मी उल्लू का जितेंद्र सारथी ने किया सुरक्षित रेस्क्यू

**कोरबा** । कोरबा अंचल के व्यस्तम क्षेत्र ट्रांसपोर्ट नगर के नए बस स्टैंड में एक जख्मी उल्लू अचानक एक फल ठेले में जा बैठा। जिसको देख लोग हैरान रह गए और तत्काल इसकी सूचना वाइल्डलाइफ रेस्क्यु टीम अध्यक्ष जितेंद्र सारथी को दी गई। सूचना मिलते ही जितेंद्र सारथी अपने टीम के साथ मौके पर पहुँचे और पूरी सावधानी के साथ उल्लू का सुरक्षित रेस्क्यू किया। प्राथमिक उपचार के बाद उल्लू को सुरक्षित स्थान पर रखा गया, जहाँ उसके स्वस्थ होने की व्यवस्था की जा रही है।

रेस्क्यू के दौरान जितेंद्र सारथी ने उल्लू के पर्यावरणीय महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 'उल्लू खेतों और बस्तियों में चूहों की संख्या को नियंत्रित कर फसलों की रक्षा करता है, यह प्राकृतिक संतुलन का महत्वपूर्ण प्रहरी है,उल्लू को नुकसान पहुँचाना न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि पर्यावरण के लिए भी गंभीर खतरा है।'

उन्होंने नागरिकों से अपील करी कि किसी भी घायल या भटके हुए वन्यजीव को नुकसान न पहुँचाएँ, तुरंत वन विभाग या रेस्क्यू टीम के हेल्प लाइन नंबर 8817534455 या 7999622151 पर सूचना दें।



## हरदी बाजार और सरईश्रृंगार में अवैध निर्माण पर कार्रवाई, मुआवजा होगा 'शून्य'

**कोरबा** । एसईसीएल दीपका परियोजना के विस्तार में बाधा बन रहे अवैध निर्माणों पर जिला प्रशासन ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए हरदी बाजार और सरईश्रृंगार क्षेत्र में धड़ल्ले से जारी निर्माण कार्यों पर रोक लगा दी है। कोल धारक अधिनियम की धारा 9 के प्रकाशन के बाद भी प्रभावित क्षेत्रों में किए जा रहे अवैध निर्माणों को देखते हुए कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के कड़े निर्देशों पर यह सख्त कार्रवाई की गई। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि अधिग्रहित भूमि पर धारा 9 के बाद किए गए निर्माणों के लिए किसी भी प्रकार का मुआवजा देय नहीं होगा।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पाली श्री रोहित कुमार सिंह के नेतृत्व में तहसीलदार हरदी बाजार श्री अभिजीत राजभानु, राजस्व अमला, पुलिस बल और एसईसीएल अधिकारियों की संयुक्त टीम ने दोनों गांवों में व्यापक कार्रवाई की। टीम ने मौके पर पहुँचकर पाया कि कई निर्माण युद्ध स्तर पर जारी थे, जिन पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिए गए।हरदी बाजार क्षेत्र में 55 निर्माणाधीन मकानों पर नोटिस चस्पा कर निर्माण कार्य रुकवाया गया, जबकि सरईश्रृंगार में 29 अवैध ढांचों को चिन्हित कर विधिक कार्रवाई प्रारंभ की गई। प्रशासन ने दोनों क्षेत्रों की घेराबंदी कर यह भी चेतावनी दी कि यदि निर्माण कार्य जारी पाया गया, तो निर्माण सामग्री जब्त कर दी जाएगी।जारी नोटिस में यह साफ उल्लेखित किया गया है कि धारा 9 के प्रकाशन के बाद किए गए निर्माण अवैध माने जाएंगे, उनका मूल्यांकन 'शून्य' होगा तथा भविष्य में ऐसे ढांचों के बदले किसी भी प्रकार का हर्जाना या नौकरी प्रदान नहीं की जाएगी। सरईश्रृंगार में ग्रामीणों ने प्रशासन की समझाइश के बाद स्वयं आगे बढ़कर अपने ढांचों पर नोटिस चस्पा कर सहयोगात्मक रुख दिखाया।राजस्व विभाग ने पुनः स्पष्ट किया है कि अधिग्रहित भूमि पर बिना अनुमति किसी भी प्रकार का निर्माण दंडनीय अपराध है और ऐसे निर्माणों पर मुआवजा नहीं दिया जाएगा।

## युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**कोरबा** । युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अमित सिंह पठानिया सह प्रभारी सुश्री मोनिका मंडरे के अनुमति से एवं प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देश पर जिला युवा कांग्रेस कोरबा शहर एवं ग्रामीण के संयुक्त नेतृत्व में जिला कलेक्टर कार्यालय जाकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर डी.एड. एवं बी. एड. संघ के अभ्यर्थियों की नियुक्ति हेतु न्यायालय के आदेश का पालन करने की मांग किया है ।

युवा कांग्रेस कोरबा शहर के जिला अध्यक्ष राकेश पंकज ने बताया कि प्रदेश भर में 2300 सहायक शिक्षकों की रिक्त पदों को भरने की घोषणा अब तक पूरी नहीं हो पाई जिस पर उच्च न्यायालय बिलासपुर के द्वारा 26 सितम्बर 2025 को आदेश पारित किया कि दो माह के भीतर प्रक्रिया पूरी कर रिक्त पदों को भरा जाए लेकिन तीन माह बीत जाने के बावजूद भर्ती प्रक्रिया के प्रारंभ होने का इंतजार कर रहे हैं । ग्रामीण जिला अध्यक्ष विकास सिंह ने कहा कि पिछले दो वर्षों से अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे सैंकड़ों योग्य अभ्यर्थियों के हित में न्यायालय का फैसला आने के बावजूद आदेश का पालन नहीं होना दुर्भाग्यजनक है । आदेश का पालन शीघ्र हो इसी विषय को लेकर हमने कलेक्टर के नाम के ज्ञापन को अपर कलेक्टर कौशल प्रसाद तेंदुलकर के हाथों सौंपा है । इस अवसर पर प्रदेश महासचिव लक्ष्मीकांत कंवर, प्रदेश सचिव विक्कु कुकरेजा, विधानसभा अध्यक्ष रहमान खान, जिला महामंत्री भरत मिश्रा, विवेक मिश्रा, मधुसुदन दास, बालेन्द्र सिंह, कोरबा ब्लॉक अध्यक्ष सुनील निर्मलकर, दर्री ब्लॉक अध्यक्ष हरीश भारती, नितेश यादव, चंटु महाराज, बबलु भारना, कमल किशोर चंद्रा, धनंजय राठौर, विमल चौहान सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे ।

# नमामि हसदेव सेवा समिति ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा** । नमामि हसदेव सेवा समिति ने कोरबा जिले की जीवनदायिनी हसदेव नदी के दोनों किनारों पर दर्री बांध से कुदुरमाल पुल तक रिवर फ्रंट निर्माण को लेकर कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा है। यह कदम हसदेव नदी के प्रदूषण को कम करने, इसके संरक्षण को सुनिश्चित करने और नदी के तट पर सुविधाओं के निर्माण के उद्देश्य से उठाया गया है। समिति का मानना है कि रिवर फ्रंट निर्माण से ना केवल पर्यावरणीय सुधार होगा, बल्कि स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधाएं भी मिलेंगी।



हसदेव नदी की महत्ता को देखते हुए समिति ने दर्री बांध से कुदुरमाल पुल तक रिवर फ्रंट निर्माण का प्रस्ताव दिया है ताकि नदी के किनारों को साफ किया जा सके और प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके। यह योजना नदी के संरक्षण के लिए केवल एक तकनीकी कदम नहीं है, बल्कि यह नदी के साथ जुड़ी संस्कृति और पारिस्थितिकी को बचाने का एक गंभीर प्रयास है। हसदेव नदी का पर्यावरणीय और सामाजिक महत्व बहुत बड़ा है और इसे बचाने के लिए स्थानीय और प्रशासनिक स्तर पर प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है। समिति ने कलेक्टर से शीघ्र निर्णय लेने की अपील की है ताकि रिवर फ्रंट निर्माण की प्रक्रिया को जल्द से जल्द शुरू किया जा सके। उन्होंने कहा की रिवर फ्रंट के किनारों पर पार्किंग स्थल, विश्राम स्थल, और शौचालय की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा, टहलने के लिए स्थान बनाए जाएंगे, ताकि लोग प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले सकें। पार्किंग व्यवस्था से पर्यटकों को यात्रा में असुविधा नहीं होगी, और यह व्यवस्था यातायात समस्या को भी कम करेगी। रिवर फ्रंट पर सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों के लिए स्थान बनाए जाएंगे। यहाँ पर धार्मिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा सकेगा, जिससे स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा और सामाजिक गतिविधियों के लिए एक मंच मिलेगा। नदी के दोनों किनारों पर प्रदूषण नियंत्रण के लिए सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत नदी में जल प्रदूषण के स्रोतों को समाप्त किया जाएगा और पानी की गुणवत्ता में सुधार किया जाएगा। नदी के पानी में प्रदूषण से निपटने के लिए जल उपचार संयंत्र लगाने की योजना भी बनाई गई है। इसके अलावा, कचरे के निपटान के लिए भी उचित व्यवस्था की जाएगी, ताकि नदी के आसपास गंदगी न फैले।

रिवर फ्रंट पर बुनियादी सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा, जिसमें स्वच्छता, जल गुणवत्ता निगरानी और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक उपाय शामिल हैं। नदी के किनारे पर जल की गुणवत्ता की निरंतर निगरानी की जाएगी ताकि कोई भी अवैध गतिविधि और प्रदूषण का प्रयास किया जाए तो उसे रोका जा सके। रिवर फ्रंट के आसपास सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए सीसीटीवी कैमरे और अन्य सुरक्षा उपकरण लगाए जाएंगे। यह कदम रिवर फ्रंट पर पर्यटकों की सुरक्षा और नदी के किनारे होने वाली किसी भी अवैध गतिविधि पर नजर रखने के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगा। नदी के किनारे पर स्वच्छ जल आपूर्ति की व्यवस्था की जाएगी ताकि यहाँ आने वाले पर्यटकों और स्थानीय लोगों को ताजे और साफ पानी की सुविधा मिले। इसके अलावा, शौचालयों की पर्याप्त संख्या सुनिश्चित की जाएगी ताकि पर्यटकों और स्थानीय निवासियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

रिवर फ्रंट के पास पार्किंग स्थल बनाए जाएंगे ताकि पर्यटकों और स्थानीय लोगों को पार्किंग की समस्या का सामना न करना पड़े। साथ ही, रिवर फ्रंट तक जाने वाली सडक़ों का सुधार किया जाएगा और यातायात को व्यवस्थित करने के लिए उपाय किए जाएंगे। रिवर फ्रंट के निर्माण के लिए प्रशासनिक स्तर पर ठोस कदम उठाए जाएंगे। इसमें सडक़, जल आपूर्ति, सफाई, और सुरक्षा व्यवस्थाओं के लिए योजना बनाई जाएगी। प्रशासन को इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करना होगा ताकि नदी के संरक्षण के लिए आवश्यक कदम जल्द उठाए जा सकें।

रिवर फ्रंट पर बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके लिए विशेष बाउंड्री बनाई जाएगी ताकि बच्चों को नदी के किनारे जाने से रोका जा सके और सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके। इसके अलावा, बच्चों के खेलने के लिए खेल मैदान और अन्य मनोरंजन सुविधाएं भी बनाई जाएंगी।

नमामी हसदेव सेवा समिति ने कलेक्टर से निवेदन किया है कि इस महत्वपूर्ण योजना को शीघ्रता से कार्यान्वित किया जाए। समिति का कहना है कि रिवर फ्रंट के निर्माण से न केवल नदी के संरक्षण में मदद मिलेगी, बल्कि स्थानीय समुदाय की जीवनशैली में भी सुधार होगा। यह परियोजना कोरबा जिले के पर्यावरणीय और सामाजिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रतिनिधि मंडल में संरक्षक श्रेष्ठ सिंह ठाकुर, अध्यक्ष चन्द्र किशोर श्रीवास्तव, कार्यकारी अध्यक्ष रणधीर पाण्डेय, उपाध्यक्ष शैलेश पाण्डेय, संयुक्त सचिव विजय कुमार राठौर, आचार्य प्रमुख रवि शंकर मिश्रा, श्री हनुमान चालीसा पाठ प्रमुख अखिलेश भारती और श्री हनुमान चालीसा पाठ सह प्रमुख मनीष मैत्री शामिल थे।

समिति का यह भी कहना है कि रिवर फ्रंट निर्माण केवल एक शुरुआत है। इसके बाद भी नदी के संरक्षण के लिए निरंतर निगरानी और उपाय किए जाने चाहिए। नदी के आसपास के क्षेत्रों में प्रदूषण को पूरी तरह से खत्म करने के लिए प्रशासन को लगातार कार्य करना होगा। समिति का मानना है कि इस योजना को कार्यान्वित करने से हसदेव नदी का पारिस्थितिकी तंत्र मजबूत होगा।



## 'जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए घेरेंगे विधानसभा, वापस लेने होंगे ग्रामीणों पर दर्ज एफआईआर' : ज्योत्सना

**कोरबा** । कोरबा जिलान्तर्गत रामपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोलगा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने केंद्र और राज्य की सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने स्पष्ट किया कि आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए वे किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। सांसद श्रीमती महंत ने चेतावनी दी कि यदि ग्रामीणों पर दर्ज मुकदमे वापस नहीं लिए गए, तो कांग्रेस पार्टी बड़ा आंदोलन करेगी और विधानसभा का घेराव करेगी।सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने कटाक्ष करते हुए कहा कि एक तरफ 'एक पेड़ माँ के नाम' लगाने का ढोंग किया जा रहा है, तो दूसरी तरफ हसदेव जैसे समृद्ध जंगलों के लाखों पेड़ काटे जा रहे हैं। उन्होंने इसे 'हिटलर राज' की संज्ञा देते हुए कहा कि ग्रामीणों की जमीन कब्जा कर मनमानी करना अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

ग्राम कोलगा में ग्रामीणों के बीच पहुँचीं सांसद श्रीमती महंत ने कहा कि यह कोई व्यक्तिगत लड़ाई नहीं बल्कि एक सामाजिक धर्मयुद्ध है। उन्होंने डीएफओ से सीधी बातचीत का हवाला देते हुए मांग की है कि ग्रामीणों और महिलाओं पर लगाए गए सभी एफआईआर बिना किसी शर्त के वापस लिए जाएं। उन्होंने भावुक होते हुए कहा, 'ग्रामीणों को डरने की जरूरत नहीं है। अब अगर गिरफ्तारी या एफआईआर होगी, तो पहले मुझ पर और विधायक फूलसिंह राठिया पर होगी।'

सांसद श्रीमती महंत ने प्रेम और अहिंसा का संदेश देते हुए कहा कि जिस तरह महात्मा गांधी ने अंग्रेजों को अहिंसा से भगाया था, उसी तरह हम भी प्रेमपूर्वक लेकिन मजबूती के साथ इनको भगाएंगे। उन्होंने संकल्प लिया कि प्रकृति का नुकसान किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा। कार्यक्रम में रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया ने भी प्रदेश सरकार को आदिवासी विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि आदिवासियों का अस्तित्व ही जल-जंगल-जमीन पर टिका है और इस पर हमला सीधा उनके जीवन पर हमला है।

## चिकित्सक से मारपीट मामले में अधिकारियों ने काला फीता लगाकर जताया विरोध



**कोरबा** । कोरबा जिले में गेवरा क्षेत्र के अधिकारियों ने क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय परिसर में काला फीता लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन स्वास्थ्य शिविर के दौरान डॉ. अर्पण विश्वास पर गांव के कुछ असामाजिक तत्वों के हमले के विरोध में किया गया। घटना के बाद अधिकारियों में व्यापक रोष देखा जा रहा हैं और सभी ने सामूहिक रूप से अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई।जानकारी के अनुसार, हरदी बाजार क्षेत्र के एक ग्राम में डॉ. अर्पण विश्वास स्वास्थ्य शिविर में अपनी सेवाएं दे रहे थे, तभी अचानक कुछ उपद्रवी तत्वों ने उन पर हमला कर दिया। इस निंदनीय घटना की सभी उपस्थित अधिकारियों ने कड़ी निंदा की। विरोध प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे और एकजुटता का संदेश दिया। अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले भी एल एंड आर विभाग के अधिकारी के साथ इसी प्रकार की मारपीट की घटना हो चुकी है। हालांकि, इसके बाद भी जिम्मेदार तत्वों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। लगातार हो रही इन घटनाओं के कारण अधिकारी दहशत और असुरक्षा की भावना में काम करने को मजबूर हैं। विरोध प्रदर्शन के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि वे अपनी सुरक्षा, सम्मान और कार्यस्थल के सुरक्षित वातावरण को लेकर गंभीर हैं। उन्होंने कोल इंडिया प्रबंधन एवं छत्तीसगढ़ प्रशासन से ठोस कदम उठाने की मांग की है, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। अधिकारियों ने इस सामूहिक विरोध के माध्यम से संदेश दिया कि वे सभी एकजुट हैं और अपनी सुरक्षा व अधिकारों के लिए संघर्ष करने को तैयार हैं। साथ ही सभी अधिकारियों से अपील की गई है कि कम से कम एक सप्ताह तक कार्य के दौरान विरोध स्वरूप काला फीता पहनकर अपनी एकता और विरोध दर्ज कराते रहें। उन्होंने पुलिस अधीक्षक और जिलाधीश को एक ज्ञापन सौंपकर मामले में लगाई गई धाराओं को बदलने की मांग करी है, क्योंकि अधिकारियों का मानना है कि वर्तमान धाराएं उचित नहीं हैं। उन्होंने मामले में उचित और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## पूर्व मंत्री अग्रवाल ने दी नव वर्ष की शुभकामनाएं

**कोरबा।** पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कोरबावासियों को नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है । अग्रवाल ने कोरबावासियों साहित प्रदेशवासियों के जीवन में सुख-शांति, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य, प्रगति, वैभव, ऐश्वर्य, उन्नति, आदर्श, प्रसिद्धि तथा दीर्घायु के लिए मां सर्वमंगला से प्रार्थना कर कामना किया है ।श्री अग्रवाल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि यह नया वर्ष कोरबा में सद्भाव और सामुहिक प्रगति को मजबूत करने वाला वर्ष बने तथा नववर्ष के अवसर पर कोरबावासियों के लिए खुशहाली की मंगलकामना किया है ।

## कम जमीन, दृढ़ संकल्प किसान गोपाल सिंह की मेहनत बनी मिसाल

**कोरबा** । जिले के कोरबा ब्लॉक के ग्राम कछार में रहने वाले किसान गोपाल सिंह कँवर भले ही कम जमीन के मालिक हों, लेकिन खेती के प्रति उनकी लगन और सरकारी योजनाओं से मिली प्रोत्साहन राशि ने उनकी जिंदगी में सकारात्मक बदलाव लाए हैं।



गोपाल सिंह लगभग दो एकड़ में खेती करते हैं और धान की फसल लेते हैं। वे बताते हैं कि सरकार द्वारा किसानों के लिए उठाए गए कदम व निर्णय बेहद लाभकारी साबित हुए हैं। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से किसानों को आर्थिक मजबूती मिल रही है। उनका कहना है कि प्रति क्विंटल धान पर रूपये 3100 मिलने से किसानों को बेहतर आय प्राप्त हो रही है, जिससे वे खेती जारी रखने के लिए प्रेरित होते हैं।गोपाल सिंह ने इस वर्ष अपने एक एकड़ खेत से 20 क्विंटल धान बेचा है। वे बताते हैं कि पिछले वर्ष भी उन्होंने लगभग इतनी ही मात्रा में धान बेचा था। प्राप्त राशि का उपयोग उन्होंने अपने बच्चों की पढ़ाई में किया, जिससे उनके परिवार को स्थायी लाभ मिला।

कृषक उन्नति योजना के तहत अतिरिक्त राशि मिलने से उनकी आय और बढ़ी है। गोपाल सिंह कहते हैं कि धान खरीदी केंद्रों में पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होती।

कम जमीन होने के बावजूद गोपाल सिंह की मेहनत, सरकार की योजनाओं का सही उपयोग और कृषि के प्रति समर्पण अन्य कृषकों के लिए भी प्रेरणादायी है।

## विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर हेतु संभागीय आयुक्त का निरीक्षण दौरा 02 जनवरी को

**कोरबा** । विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के लिए संभागीय आयुक्त, बिलासपुर संभाग, को रोल ऑब्जर्वर के रूप में नियुक्त किया गया है। इस संदर्भ में वे 02 जनवरी 2026 को कोरबा जिले के प्रवास पर प्रथम निरीक्षण दौरे पर आ रहे हैं।विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित कार्यों की समीक्षा के लिए दिनांक 02 जनवरी 2026 को सांय 3:00 बजे कलेक्टर कार्यालय, कोरबा के नवीन सभा कक्ष में बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में जिले के समस्त संबंधित अधिकारी उपस्थित रहकर आवश्यक जानकारी एवं प्रगति विवरण प्रस्तुत करेंगे।

## धान विक्रय से सम्बंधित शिकायतों के लिए जारी किया गया समाधान नंबर 9691901259

### कोरबा जिले के किसान कर सकते हैं शिकायत

**कोरबा।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के निर्देश पर खाद्य विभाग कोरबा द्वारा किसानों को धान विक्रय के दौरान होने वाली किसी भी असुविधा से बचाने के लिए जिला प्रशासन ने समाधान नंबर 9691901259 जारी किया है। इस नंबर पर किसान टोकन काटने में आ रही परेशानी, रकबा में त्रुटि से जुड़ी शिकायतें तथा धान खरीदी से संबंधित अन्य समस्याएँ दर्ज करा सकेंगे। यह सुविधा कार्यालयीन दिवसों में प्रातः 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक उपलब्ध रहेगी।इसके अतिरिक्त, किसान टोल फ्री नंबर 1967 पर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिला प्रशासन ने सभी कृषकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत संपर्क कर आवश्यक सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

## समर्थन मूल्य और ऑनलाइन टोकन से सशक्त हो रहे किसान

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ सरकार की किसान हितैषी नीतियाँ आज जमीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से सकारात्मक परिणाम दे रही हैं। पारदर्शी, त्वरित एवं तकनीक आधारित धान खरीदी व्यवस्था ने किसानों को न केवल सुविधा प्रदान की है, बल्कि उनकी आर्थिक स्थिति को भी सशक्त बनाया है।कोरबा विकासखण्ड के ग्राम ढेलवाडीह निवासी किसान श्री उमेन्द्र लाल उरांव ने सरकार की सुव्यवस्थित धान खरीदी प्रणाली का लाभ उठाते हुए नकटीखार उपार्जन केंद्र में 152 क्विंटल धान का सफलतापूर्वक विक्रय किया। उन्हें समर्थन मूल्य पर समय पर भुगतान प्राप्त हुआ, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और अधिक मजबूत हुई। उन्होंने कहा शासन की धान खरीदी व्यवस्था किसान हित में बड़ा कदम है।किसान उमेन्द्र लाल उरांव अपने 10 एकड़ कृषि भूमि में परिश्रमपूर्वक खेती करते हैं। इस वर्ष उन्होंने नकटीखार सहकारी समिति के माध्यम से अपनी उपज का विक्रय किया। राज्य सरकार की टोकन तुहर हाथ मोबाइल एप के जरिए उन्हें घर बैठे ही ऑनलाइन टोकन प्राप्त हो गया, जिससे उपार्जन केंद्र में किसी प्रकार की अव्यवस्था या अनावश्यक प्रतीक्षा का सामना नहीं करना पड़ा।उन्होंने बताया कि धान विक्रय की पूरी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, सरल और सुगम रही। समर्थन मूल्य पर समय पर भुगतान मिलने का प्रत्यक्ष लाभ उन्हें पिछले वर्ष मिला, जब धान विक्रय से प्राप्त राशि से उन्होंने अपने परिवार के लिए पक्का घर बनवाया। यह वर्षों से देखा गया सपना था, जो शासन की प्रभावी धान खरीदी व्यवस्था के कारण साकार हो सका।किसान उमेन्द्र लाल उरांव का कहना है कि प्रदेश सरकार की पारदर्शी धान खरीदी व्यवस्था ने न केवल किसानों की आय में वृद्धि की है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन की ओर भी अग्रसर किया है। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से हम जैसे छोटे और मध्यम किसानों का आत्मविश्वास बढ़ा है तथा अब भविष्य को लेकर भरोसा और उम्मीद दोनों पहले से अधिक मजबूत हुई हैं।



# कलेक्टर ने नगर निगम क्षेत्र के निर्मित्त व निर्माणाधीन भवनों का किया निरीक्षण

**कोरबा** । कोरबा जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत ने नगर निगम कोरबा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न निर्मित एवं निर्माणाधीन भवनों का निरीक्षण कर उनकी प्रगति एवं कार्यात्मक उपयोग की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने शेष निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने तथा भवनों को प्रभावी रूप से उपयोग में लाने हेतु अधिकारियों को विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के क्रम में कलेक्टर ने नगर निगम कोरबा के नवीन सभागार भवन का विशेष रूप से अवलोकन किया और निर्माण कार्य की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने सभागार के बाह्य हिस्से को आकर्षक स्वरूप देने हेतु रंग-रोगन एवं लाइटिंग व्यवस्था बेहतर करने, परिसर में गार्डन विकसित कर सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही सभागार के मुख्य द्वार पर एलईडी बोर्ड लगाए जाने के निर्देश भी दिए। सभागार के आंतरिक परिसर का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने मंच को थोड़ा विस्तृत करने, बेहतर वेंटिलेशन व्यवस्था, उच्च गुणवत्ता के ईको एवं साउंड सिस्टम पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने पब्लिक एवं मीडिया गैलरी की व्यवस्था को भी सुव्यवस्थित और सुविधाजनक बनाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, सभागार में कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन हेतु प्रोजेक्टर एवं स्क्रीन लगाने का प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया। कलेक्टर ने सभागार के विभिन्न कक्षों का अवलोकन करते हुए दीवारों एवं कॉरिडोर गैलरी को आकर्षक ढंग से सजाने एवं डेकोरेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपलब्ध समस्त स्थानों का व्यापक एवं बहुउद्देश्यीय उपयोग सुनिश्चित करने पर जोर दिया।



कलेक्टर श्री दुदावत ने रिसदी मार्ग में निर्मित पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर कन्वेंशन हॉल का निरीक्षण कर भवन की संरचना एवं संभावित कार्यात्मक उपयोग का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कन्वेंशन हॉल के आर्किटेक्चर प्लान का जायजा लिया और अधिकारियों से भवन के प्रभावी उपयोग को लेकर चर्चा की। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कन्वेंशन हॉल को विद्यार्थियों के लिए साइंस एग्ज़ीबिशन सेंटर के रूप में विकसित किया जाए, जिससे विज्ञान से जुड़े नवाचारों, प्रयोगों एवं प्रदर्शनों के माध्यम से विद्यार्थियों को शैक्षणिक लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि परिसर का अधिकतम और बहुउद्देश्यीय उपयोग सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। साथ ही कलेक्टर ने कन्वेंशन हॉल को प्लेनेटेरियम सेंटर के स्वरूप में विकसित करने की संभावनाओं पर भी विचार करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में विस्तृत कार्ययोजना एवं प्रस्ताव तैयार करने के लिए कहा, ताकि भवन का उपयोग शैक्षणिक, वैज्ञानिक एवं जनहित के उद्देश्यों के लिए किया जा सके। कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि इस प्रकार की पहल से विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी और जिले में विज्ञान एवं नवाचार को बढ़ावा मिलेगा।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने रिसदी रोड में निर्मित विवेकानंद शैक्षणिक परिसर के विभिन्न कक्षों एवं उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से परिसर की वर्तमान स्थिति, अधोसंरचना एवं संभावित उपयोग के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने विवेकानंद शैक्षणिक परिसर के प्रत्येक कक्ष का उद्देश्यपूर्ण और अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भवन को शीघ्र उपयोग में लाने हेतु स्पष्ट एवं चरणबद्ध कार्ययोजना तैयार की जाए, जिसमें आवश्यक संसाधन, सुविधाएं एवं समय-सीमा निर्धारित हो। शहर के मुख्य मार्ग ट्रांसपोर्ट नगर में निर्माणाधीन मल्टीलेवल पार्किंग भवन का कलेक्टर श्री दुदावत द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने भवन के आर्किटेक्चर प्लान को विस्तार से समझते हुए निर्माण की प्रगति एवं प्रस्तावित उपयोग की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि मल्टीलेवल पार्किंग के बेसमेंट एवं ग्राउंड फ्लोर का उपयोग वाहनों की पार्किंग के लिए किया जाएगा, जबकि ऊपरी तल को व्यावसायिक गतिविधियों के लिए विकसित किया जाना प्रस्तावित है। कलेक्टर ने कहा कि इस तरह का बहुउद्देश्यीय उपयोग भवन की उपयोगिता को बढ़ाएगा और नगरवासियों को अधिक सुविधा प्रदान करेगा। कलेक्टर ने भवन के शीघ्र संचालन हेतु टेंडर प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने रैम्प निर्माण , ग्रिल लगाने के कार्य शीघ्र पूरा करने तथा सुरक्षा से जुड़े अन्य आवश्यक कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्य बाजार से भवन की उपयुक्त दूरी और सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था से शहर को यातायात जाम से राहत मिलेगी। मल्टीलेवल पार्किंग के प्रभावी उपयोग से न केवल ट्रैफिक व्यवस्था सुगम होगी, बल्कि नगरवासियों को सुरक्षित और व्यवस्थित पार्किंग की सुविधा भी प्राप्त होगी। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण एवं संचालन से जुड़े सभी कार्यों की नियमित समीक्षा करते हुए गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि यह परियोजना शीघ्र ही आमजन के लिए उपयोग में लाई जा सके।

कलेक्टर श्री दुदावत ने नगर के अशोक वाटिका का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर में पर्याप्त रोशनी की कमी, अव्यवस्थाओं एवं रखरखाव में लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि अशोक वाटिका शहर का एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थल है, जिसे आकर्षक और सुव्यवस्थित बनाना आवश्यक है।

# प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के तहत लघु व्यवसाय हेतु ऋण के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित जांजगीर-चांपा द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से बैंक प्रवर्तित प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम अजय) के तहत लघु व्यापार एवं व्यवसाय हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। योजना अंतर्गत किराना, मनिहारी, कपड़ा दुकान, नाई सैलून, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, फैंसी स्टोर, मोटर मैकेनिक, साइकिल मरम्मत, टीवी-रेडियो-मोबाइल रिपेयरिंग, वेल्डिंग, मुर्गीपालन, बकरी पालन, सब्जी व्यवसाय, दोनापत्तल निर्माण, लघु एवं कुटीर उद्योग सहित स्थानीय आवश्यकता के अनुरूप अन्य आयजनक व्यवसायों के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण स्वीकृत किया जाता है।

कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित ने बताया कि इसके अतिरिक्त जिस स्थान पर व्यवसाय करना चाहता है, उस स्थान पर चलने वाले व्यवसाय अथवा उपरोक्त व्यवसाय के अतिरिक्त भी अन्य व्यवसाय हेतु आवेदन किया जा सकता है, आवेदक को व्यवसाय का सामान्य अनुभव, जानकारी होना चाहिए। आवेदक योजना में ऋण की स्वीकृति बैंक द्वारा दी जावेगी। व्यवसाय अनुसार न्यूनतम 1,00,000 लाख रू. तक के ऋण प्रकरण में स्वीकृत ऋण के विरूद्ध 50 प्रतिशत या अधिकतम रू. 50,000 जो भी कम हो अनुदान राशि जिला अंत्यावसायी विभाग द्वारा स्वीकृत किया जाता है। आवेदक को आवेदन पत्र निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा तथा आवेदन पत्र पूर्ण भर कर प्रस्तुत करते समय 10.50 रू.मात्र का सदस्यता शुल्क जमा करना होगा। जिसकी रसीद दी जावेगी।

**आवेदन हेतु पात्रता-**

आवेदक अनुसूचित जाति वर्ग का हो, आवेदक जिले का मूल निवासी होना चाहिए। आवेदक का उम्र 18 से 50 वर्ष के मध्य हो। जाति, आय एवं निवास प्रमाण-पत्र (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी) मान्य होगा। आय रू. 2,50,000/- (दो लाख पचास हजार रूपये) मात्र से अधिक न हो तथा आधार कार्ड, वोटर कार्ड, राशन कार्ड, बिजली बिल, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, प्रदत्त सामग्री एवं लाभार्थी का बीमा कराना होगा तथा बैंक द्वारा निर्धारित दस्तावेज, स्वयं का बैंक पासबुक की छायाप्रति, समस्त दस्तावेज सहित दो सेट व 4 पासपोर्ट साईज फोटा तथा शासकीय योजना में पूर्व का ऋण बकाया न हो। (संबंधित विभाग/बैंक द्वारा प्रदत्त अनापत्ति प्रमाण पत्र या शपथ पत्र) देना आवश्यक है। इच्छुक आवेदक कार्यालयीन समय में कार्यालय जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित जांजगीर-चांपा, भारतीय स्टेट बैंक के बगल में, विश्राम गृह के सामने, जनपद पंचायत सभा भवन जांजगीर में संपर्क कर आवेदन-पत्र जमा कर सकते हैं।



## ग्राम कटौद में अवैध धान भंडारण पर की गई कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में राजस्व विभाग एवं सहकारिता विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम कटौद में अवैध धान भंडारण के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के दौरान जांच टीम ने पहारु ट्रेडर्स के परिसर से 50 कट्टी तथा कश्यप ट्रेडर्स से 60 कट्टी, कुल 110 कट्टी धान का अवैध भंडारण पाए जाने पर मौके पर ही जब्ती की कार्रवाई की गई है। कलेक्टर श्री महोबे ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था को प्रभावित करने वाले किसी भी प्रकार के अवैध भंडारण, कोचिया - बिचौलिया गतिविधियों पर लगातार कार्रवाई की जाए। उन्होंने अधिकारियों को सतत निगरानी, आकस्मिक निरीक्षण तथा कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

# शिक्षकों ने सेवानिवृति पर मंगलचंद्र को विदाई के साथ दिए उपहार

**पामगढ।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बिलारी में पदस्थ शिक्षक मंगल चंद कश्यप गुरूजी के सेवानिवृत होने पर एक विदाई समारोह का आयोजन पूर्व छात्रों के द्वारा हर्ष उल्लास के साथ किया गया द्य कार्यक्रम को अति उत्साहित ढंग से किया गया जिसमे पूर्व से सेवा निवृत शिक्षक केशर लाल साहू, प्रमोद कुमार शुक्ला, मिठाई लाल खांडे, रूद्र गिरी गोस्वामी और भरत सिंह शामिल हुए। इस पावन अवसर पर सभी गुरुजनो को श्रीफल साल एक गिफ्ट और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया और आशीर्वाद लिया गया। विद्यालय परिवार की ओर से भी श्रीफल साल बुके देकर सम्मान किया गया और अध्ययन रत छात्रों के पेन फूल माला पहना कर स्वागत किया साथ ही साथ कमल निराला लाइफ इन्शुरेंश सलाहकार द्वारा पेन डायरी और बुके भेट कर विदाई दी गईं तत्पश्चात पुरे परिवार के साथ रथ में सम्मान पूर्वक बिठा कर नगर भ्रमण करते हुए गृह ग्राम राहौद घर तक बाजे गाजे और फटाको के के साथ पहुंचा कर उनकी घर पर आरती सजा घर के अंदर प्रवेश कराया गए द्य इस पावन बेला को देखकर नगर वासी और लोगों में एक नई उत्साह से उनकी विदाई को देख कर अचरज के पड़ गए ऐसा सम्मान से लोगों को एक प्रेरणा मिला और पूर्व छात्रों को प्रसंशा करते रहे द्य गुरु और शिष्य परंपरा को देख कर लोग अभूतपूर्व सुखद महसूस करने लगे ।





इस कार्यक्रम में पूर्व माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक राकेश कुमार प्रधान,राजेंद्र कुमार देवांगन, राजेश कुमार देवांगन, विजय केशी, संतोष कश्यप और आयोजक टीम माखन आरले, सनद कुमार पटेल, अजय गोस्वामी, गौरी शंकर पटेल, शुभकरण राज, बसंत कुमार पटेल बलदाऊ पटेल, संतराम कुर्रे, विश्राम श्रीवास, सीताराम लदेर, जयपाल गिरी, कालीचरण यादव श्याम दास जवाहर राज, अखिलेश्वर सिंह शिव कुमार साहू बजरंगी साहू शिव प्रसाद पटेल, लक्ष्मी पटेल और सगदन कश्यप ये सभी पूर्व छात्र ग्राम सिल्ली, लगरा, जोगीडीपा और मुड़पार (ब )और अध्ययनरत छात्र -छात्राये बिलारी के उपस्थित रहे।



## नैला-जांजगीर को सर्वश्रेष्ठ प्रथम युवा शाखा पुरस्कार

**जांजगीर।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के अंतर्गत छत्तीसगढ़ प्रदेश का आठवां प्रांतीय अधिवेशन राजधानी रायपुर में हुआ। इस अवसर पर प्रदेश भर की सभी शाखाओं की सक्रिय सहभागिता रही। अधिवेशन में नैला जांजगीर शाखा के उत्कृष्ट और सतत सामाजिक कार्यों को देखते हुए उसे सर्वश्रेष्ठ प्रथम युवा शाखा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

सम्मान प्राप्त होने पर शाखा अध्यक्ष ममता अग्रवाल ने इसे पूरी कार्यकारिणी और शाखा की सभी सदस्यों के सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि सभी सदस्यों के सहयोग, समर्पण और निरंतर मेहनत से संभव हो पाई है। ममता अग्रवाल ने कहा कि अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति के मार्गदर्शन में नैला जांजगीर शाखा आगे भी सामाजिक, धार्मिक और आध्यात्मिक क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाती रहेगी।

# सैकड़ों किलो महुआ लहान के साथ 115 लीटर शराब जप्त की अवैध फैक्ट्री से

**सक्ती।** सक्ती जिले में नववर्ष और आगामी छेरछेरा पर्व से पहले आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की है। 31 दिसंबर को आबकारी वृत्त सक्ती की संयुक्त टीम ने ग्राम जुड़गा में एक अवैध महुआ शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया।

सहायक जिला आबकारी अधिकारी आशीष उप्पल को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नववर्ष के अवसर पर ग्राम जुड़गा के नाले किनारे अवैध रूप से महुआ शराब बनाने की फैक्ट्री संचालित हो रही है। सूचना मिलते ही तत्काल एक टीम गठित कर नाले किनारे दबिश दी गई। आबकारी टीम को देखते ही कुछ संदिग्ध व्यक्ति मौके से फरार हो गए। दबिश के दौरान मौके से महुआ शराब बनाने की पांच चालू भट्टियां बरामद की गईं। इसके अलावा झाड़ियों में छुपाकर रखी गई लगभग 115 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। शराब निर्माण में प्रयुक्त 20 बोरियों में भरा करीब 500 किलोग्राम महुआ लाहन मौके पर सैंपल



लेकर नष्ट किया गया। अधिकारियों के अनुसार, इस लाहन से सैकड़ों लीटर अवैध महुआ शराब तैयार की जा सकती थी।

आबकारी विभाग ने बताया कि लगातार कार्रवाई के कारण अब शराब माफिया घरों के बजाय दूर-दराज के नालों और जंगलों में अवैध निर्माण कर रहे हैं। विभाग की सतत निगरानी और दबिश आगे भी जारी रहेगी।

## डेस्टिनेशन के बच्चों ने किया विशाखापटनम का दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण



**जांजगीर नैला।** डेस्टिनेशन इंग्लिश मीडियम स्कूल जांजगीर के बच्चो और शिक्षकों ने किया विशाखापटनम का दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण। भ्रमण के दौरान बच्चो ने पहला दिन सबमरीन म्यूजियम , एयरक्राफ्ट म्यूजियम, हेलीकॉप्टर म्यूजियम, आर के बीच का भ्रमण कर बच्चो ने सबमरीन के कमिशन डेट से लेकर डिकमिशन डेट तक की संपूर्ण जानकारी प्राप्त किया । इस भ्रमण में 16 शिक्षकों और 70 छात्राओं ने दिनांक 19दिसंबर 2025 से 22दिसंबर 2025 भाग लिया । शिक्षकों में शिवम सर, वर्षा मैडम, सपना मैडम, सुशीला मैडम, प्रतीक्षा मैडम, आदर्श सर, मनीष सर, सूर्या सर, संस्था के प्राचार्य रवि शंकर निर्मलकर, उप प्राचार्य श्रद्धा निर्मलकर ने बच्चो का मार्गदर्शन किया ।

## अवैध रेत उत्खनन, परिवहन व भंडारण पर कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा ।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में खनिज टास्क फोर्स द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण करने वाले वाहनों, स्थानो का औचक निरीक्षण कर कार्रवाई की गई। तहसील बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम बिर्रा में अवैध परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर 2 ट्रैक्टर को जब्त कर थाना के सुपुर्द किया गया। साथ ही तहसील जांजगीर के केवा-नवापारा में अवैध रेत खनन करने वाली 01 चैन माउंटेन जब्त की गई।

# केशरवानी परिवार चांपा में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



**चांपा।** भव्य एवं पारंपरिक वेश में मंगलवार से केशरवानी परिवार डोंगघाट चौक चांपा में श्री मद् भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। बैहरसरी, बेमेतरा के कथावाचक आचार्य पंडित श्री अरविंद शर्मा महाराज के नेतृत्व में कोसा कांसा और कंचन की नगरी की पवित्र सलिला मां हसदेव के डोंगाघाट से पवित्र जल भरने के साथ शुरू हुई कलश यात्रा में सबसे आगे मुख्य जजमान परिवार के शारदा गुप्ता जी सपत्नीक, साथ ही भवानी गुप्ता और देवी गुप्ता सभी सपरिवार कलशयात्रा की अगुआई किए साथ ही उनके सगे संबंधियों, केशरवानी समाज की महिलाएं तथा नगर की अन्य महिलाएं तथा श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए। मांदर झांझ मंजीरा के साथ मस्ती में झूमते नर्तक दलों के कर्मा नृत्य और उनकी कलाबाजी ने दर्शकों को खासा आकर्षित किया। साथ ही आकर्षक रथ पर सवार कथावाचक आचार्य पंडित श्री अरविंद शर्मा महाराज चल रहे थे। कलशयात्रा सदर बाजार से होते हुए कथास्थल पहुंची। श्रीमद् भागवत कथा में परायण कर्ता महाराज पंडित श्री रूपेश पांडेय वसनी(कुंडा), कबीरधाम कि उपस्थिति में कथा आयोजन स्थल पर धार्मिक विधि एवं मंत्रोच्चरण के साथ श्रीमद्भागवत जी, व्यासपीठ और कलश स्थापित कर आरती के साथ शुभारंभ किया गया।

आचार्य पंडित श्री अरविंद शर्मा जी को सर्वप्रथम श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह और इसकी महिमा से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि विश्व में सभी कथाओं में ये श्रेष्ठ मानी गई है। जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है, वो तीर्थ स्थल कहलाता है। इसका सुनने एवं आयोजन कराने का सौभाग्य भी प्रभु प्रेमियां को ही मिलता है। ऐसे में अगर कोई दूसरा अन्य भी इसे गलती से भी श्रवण कर लेता है, तो भी वो कई पापों से मुक्ति पा लेता है। इसलिए सात दिन तक चलने वाली इस पवित्र कथा को श्रवण करके अपने जीवन को सुधारने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। अगर कोई सात दिनों तक किसी व्यवस्तता के कारण नहीं सुन सकता है, तो वह दो तीन या चार दिन ही इसे सुनने के लिए अपना समय अवश्य निकालें। तब भी वो इसका फल प्राप्त करता है, क्योंकि ये कथा भगवान श्री कृष्ण के मुख की वाणी है, जिसमें उनके अवतार से लेकर कंस वध का प्रसंग का उल्लेख होने के साथ साथ इसकी व्यक्ति के जीवन में महत्ता के बारे में भी बताया गया है। इसके सुनने के प्रभाव से मनुष्य बुराई त्याग कर धर्म के रास्ते पर चलने के साथ साथ मोक्ष को प्राप्त करता है। आचार्य जी ने बताया कि इस कथा को सबसे पहले अभिमन्यु के बेटे राजा परीक्षित ने सुना था, जिसके प्रभाव से उसके अंदर तक्षक नामक नाग के काटने से होने वाली मृत्यु का भय दूर हुआ और उसने मोक्ष को प्राप्त किया था। केशरवानी वैश्य कल्याण समिति चांपा के अध्यक्ष मूलचन्द गुप्ता ने बताया कि समाजसेवी स्व. विजय कुमार गुप्ता जी, चांपा में केशरवानी समाज को हमेशा संगठित करने का प्रयास करते रहे, समाज के लिए उनका योगदान अविस्मरणीय है आज उनके वार्षिक श्राद्ध निमित्त आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान सप्ताह के शुभारंभ में सब सम्मिलित हुए हैं। केशरवानी वैश्य तरुण सभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मिथलेश केशरवानी ने कहा कि पूज्य बाबूजी स्व. विजय कुमार गुप्ता जी की स्मृति में आयोजित कथा में पहुंचने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस तरह का आयोजन पितरों की आत्मा को शांति, सद्गति और मोक्ष प्रदान करती है, पितृ दोष से मुक्ति दिलाती है, और भगवान कृष्ण के नाम स्मरण से पितरों को सीधा लाभ होता है, जिससे परिवार में सुख-शांति और उन्नति आती है। इस अवसर पर श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सिवनी च की रूखमणी पाण्डेय बनी लखपति दीदी - आत्मनिर्भरता की बनी मिसाल



**जांजगीर-चांपा।** विकासखंड बलौदा अंतर्गत ग्राम सिवनी (च) की रहने वाली श्रीमती रूखमणी पाण्डेय आज ग्रामीण महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की प्रेरक पहचान बन चुकी हैं। कभी एक सामान्य गृहिणी के रूप में पूरी तरह परिवार पर आश्रित रहने वाली रूखमणी पाण्डेय आज हर महीने 15 से 20 हजार रुपये की आय अर्जित कर न केवल अपने परिवार को संबल दे रही हैं, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं। श्रीमती रूखमणी पाण्डेय के पति पशुपालन का व्यवसाय करते थे, लेकिन कोरोनाकाल और लॉकडाउन के दौरान हुए भारी नुकसान के कारण यह व्यवसाय लगभग बंद होने की स्थिति में आ गया। आर्थिक कठिनाइयों के इस दौर ने रूखमणी के भीतर कुछ नया करने और परिवार की जिम्मेदारी में भागीदार बनने की प्रेरणा जगाई।

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत लखपति दीदी पहल से जुड़ने के बाद रूखमणी पाण्डेय के जीवन में निर्णायक बदलाव आया। गांव में आरबीके दीदी के सहयोग से उन्होंने अपने आसपास की महिलाओं को एकजुट कर जय अम्बे महिला स्व सहायता समूह, सिवनी (च) का गठन किया। 25 फरवरी 2020 को गठित यह समूह उन्नति महिला ग्राम संगठन सिवनी (च) और बिहान महिला क्लस्टर संगठन कुरदा से जुड़ा हुआ है। समूह के माध्यम से रूखमणी पाण्डेय को बैंक लिंकेज के तहत 1 लाख रुपये तथा समूह से अतिरिक्त ऋण प्राप्त हुआ। इस आर्थिक सहयोग से उन्होंने अपने परिवार के पुराने पशुपालन व्यवसाय को पुनः शुरू किया, साथ ही आचार, पापड़, मसाला और अगरबत्ती निर्माण जैसी विविध आजीविका गतिविधियों की शुरुआत की। जिससे श्रीमती रूखमणी पाण्डेय न केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो चुकी हैं, बल्कि अपनी छोटी-बड़ी जरूरतें स्वयं पूरी कर रही हैं। वे अपने समूह की अन्य महिलाओं को भी आजीविका गतिविधियां अपनाने के लिए लगातार प्रेरित कर रही हैं।

श्रीमती रूखमणी पाण्डेय ने कहा कि लखपति दीदी पहल ने मुझे आत्मविश्वास दिया, पहचान दी और अपने पैरों पर खड़ा होने का अवसर दिया। इसके लिए मैं केंद्र एवं राज्य सरकार का हृदय से धन्यवाद करती हूं। आज रूखमणी पाण्डेय की सफलता की कहानी यह साबित करती है कि सही मार्गदर्शन, समूह की ताकत और सरकारी योजनाओं के सहयोग से ग्रामीण महिलाएं भी आर्थिक आत्मनिर्भरता की नई इबारत लिख सकती हैं।

# नए साल का पहला संकल्प: रक्तदान के साथ सड़क सुरक्षा माह होगा शुरू

**जांजगीर।** जिले में मानवता और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जांजगीर चांपा पुलिस द्वारा रक्तदान शिविर के साथ सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ किया जाएगा। यह कार्यक्रम 01 जनवरी की दोपहर 12 बजे जांजगीर कचहरी चौक के सी-मार्ट परिसर में आयोजित किया जाएगा।

इस वर्ष कार्यक्रम की थीम रखी गई है - रक्तदान करें किंतु सड़कों पर नहीं, जिसका उद्देश्य नागरिकों को यह संदेश देना है कि व्यक्ति अपने रक्त को सड़क दुर्घटनाओं में व्यर्थ न गंवाए, बल्कि इसे जरूरतमंदों की जान बचाने में इस्तेमाल करे। रक्तदान शिविर सुबह 10.00 बजे से शुरू होगा, जिसमें जिले के सभी सामाजिक संगठनों के सदस्य भाग लेंगे।

जांजगीर चांपा पुलिस ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन पुलिस मुख्यालय रायपुर के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष किया जाता है। सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। यह अभियान 01 जनवरी से 31 जनवरी तक चलेगा और यातायात जागरूकता रथ के माध्यम से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर नागरिकों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, गति सीमा का पालन करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने, नाबालिगों को वाहन न देने और अन्य नियमों का पालन करने के लिए प्रशिक्षित करेगा। जांजगीर चांपा पुलिस ने नागरिकों, पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील की है कि वे बढ़-चढ़कर इस रक्तदान शिविर और सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम में भाग लें और मानवता तथा जिम्मेदार नागरिक होने की मिसाल पेश करें।

## नए साल से पहले एक्शन, कई थाना प्रभारियों का ट्रांसफर

**जांजगीर।** नए साल के स्वागत से पहले जिले के पुलिस महकमे में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल कर दिया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जांजगीर-चांपा द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रशासनिक दृष्टिकोण से कई निरीक्षक, उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक और आरक्षकों का अस्थायी स्थानांतरण आगामी आदेश तक तत्काल प्रभाव से किया है। इस बदलाव में जांजगीर, चांपा, नवागढ़, बलौदा, पामगढ़, शिवरीनारायण, सारागांव सहित रक्षित केंद्र और यातायात शाखा प्रभावित हुई है।

# 288.35 करोड़ से बनेगा आदर्श औद्योगिक क्षेत्र

**जांजगीर।** जिले के ग्राम सिलादेही-बिर्रा-गतवा में प्रस्तावित आदर्श औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना के लिए सरकार ने 288.35 करोड़ रुपए की बड़ी राशि मंजूर की गई है। इससे जिले में औद्योगिक विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। नए उद्योगों की स्थापना से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।आदर्श औद्योगिक क्षेत्र के विकसित होने से यहां छोटे, मध्यम और बड़े उद्योगों की स्थापना होगी, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। औद्योगिक गतिविधियों में वृद्धि से क्षेत्र की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और युवाओं को अपने ही जिले में काम करने के अवसर मिलेंगे। 2 अगस्त 24 को उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन द्वारा गतवा, बिर्रा और सिलादेही में निगम के आधिपत्य की 881.60 एकड़ भूमि पर आदर्श औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दी है।

परियोजना का उद्देश्य 6 आदर्श औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना- यह नए औद्योगिक क्षेत्र का निर्माण सिलादेही, बिर्रा और गतवा गांवों में किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में औद्योगिक ढांचे का विकास संभव होगा। 6 औद्योगिक निवेश और रोजगार - इस तरह के औद्योगिक क्षेत्रों का लक्ष्य स्थानीय निवेश को आकर्षित करना, औद्योगिक इकाइयों की स्थापना, बुनियादी ढांचा विकसित करना।

# ऑनलाइन टोकन सुविधा से आसान हुई धान खरीदी

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में संचालित समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव की सशक्त मिसाल बन रही है। योजना के अंतर्गत 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से हो रही धान खरीदी, साथ ही धान खरीदी केंद्रों में की गई बेहतर, सरल और सुगम व्यवस्थाओं ने किसानों का भरोसा और आत्मविश्वास बढ़ाया है।

इसी कड़ी में जिले के ग्राम सुकली निवासी किसान भीम गोंड़ की कहानी इसी सुशासन और किसान-हितैषी व्यवस्था की जीवंत मिसाल है। वर्षों की मेहनत, आधुनिक खेती के अनुभव और शासन की पारदर्शी प्रणाली का परिणाम रहा कि उन्होंने धान खरीदी केंद्र पेंड्री में 116 क्विंटल धान का सफलतापूर्वक विक्रय किया। किसान भीम गोंड़ बताते हैं कि इस वर्ष ऑनलाइन 24म7 टोकन व्यवस्था ने पूरी प्रक्रिया को आसान बना दिया। न तो भीड़ का सामना करना पड़ा, न ही लंबी कतारों में समय गंवाना पड़ा।

तय समय पर केंद्र पहुँचते ही नमी परीक्षण, तौल और विक्रय की सभी प्रक्रियाएँ सहजता से पूर्ण हो गईं। समय पर भुगतान मिलने से उन्हें यह विश्वास हुआ कि अब किसान अपनी उपज पूरे आत्मसम्मान और निश्चिंतता के साथ बेच पा रहे हैं। किसान भीम गोंड़ की सफलता



यह सिद्ध करती है कि जब किसान की मेहनत और सुशासन की व्यवस्थाएँ साथ-साथ चलती हैं, तो खेती केवल आजीविका नहीं, बल्कि सम्मानजनक आय और आत्मनिर्भरता का माध्यम बनती है।

## अनमोल वचन......

**जो आपके पास नहीं है उसके लिए परेशान होना, जो आपके पास है उसे बर्बाद करने के समान है।**

## पर्यटन कारोबार निराशाजनक

भारतीय पर्यटन स्थल सैलानियों को क्यों आकर्षित नहीं कर पा रहे हैं। कारोबार से जुड़े लोगों के मुताबिक भारत में पर्यटन अधिक महंगा है, यहां का बुनियादी ढांचा कमजोर है, और सुरक्षा संबंधी चिंताएं हमेशा संगीन बनी रहती हैं। एक और साल भारत में पर्यटन कारोबार के लिए निराशाजनक साबित हो रहा है। अब तक के ट्रेंड के मुताबिक इस वर्ष भारत आए विदेशी सैलानियों की संख्या में 12 प्रतिशत की गिरावट आने जा रही है। कोरोना महामारी के पहले- यानी 2019 में जितने विदेशी पर्यटक भारत आए, कोरोना काल के बाद वह संख्या फिर कभी हासिल नहीं हुई। जबकि दुनिया में यह कारोबार अपनी चमक वापस पा चुका है। मसलन, इस साल वियतनाम (21 फीसदी), श्रीलंका (16), मलेशिया (15), इंडोनेशिया (9) आदि देशों में विदेशी सैलानियों की संख्या काफी बढ़ी है। हकीकत तो यह है कि धनी भारतीय पर्यटक भी अब विदेश जाने में अधिक दिलचस्पी ले रहे हैं।

आंकड़ों के मुताबिक क्रिसमस- नव वर्ष सीजन पिछले साल 24 लाख से अधिक भारतीय पर्यटन के लिए विदेश गए, जबकि इस बार ये संख्या 25 लाख पार करने जा रही है। तो सवाल है कि भारतीय पर्यटन स्थल सैलानियों को क्यों आकर्षित नहीं कर पा रहे हैं। कारोबार से जुड़े लोगों ने कहा है कि भारत में पर्यटन अधिक महंगा है, यहां का बुनियादी ढांचा कमजोर है, और सुरक्षा संबंधी चिंताएं संगीन बनी रहती हैं। इस वर्ष पर्यटकों की संख्या में बड़ी गिरावट इसलिए भी आई, क्योंकि बांग्लादेश से बिगड़े रिश्तों के कारण वहां से सैलानी कम आए और पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद बने युद्ध के माहौल के बीच बहुत-से पर्यटकों ने अपना कार्यक्रम रद्द कर दिया। अनुमान लगाया जा सकता है कि साल के आखिर में इंडिगो एयरलाइन्स के संकट ने इसमें और योगदान किया होगा। आंकड़ों के मुताबिक विदेशों में भारत को विज्ञापन करने में पर्यटन मंत्रालय का रुख लचर हो गया है। पिछले दशक के किसी वर्ष में वह बजट में मिली पूरी रकम को खर्च नहीं कर पाया। इन सबका परिणाम इस कारोबार से जुड़े लोग भुगत रहे हैं। पर्यटन ऐसा कारोबार है, जिससे बिना जोखिम उठाए विदेशी मुद्रा प्राप्त होती है और लाखों लोगों को रोजगार मिलता है। मगर इस उद्योग का सीधा संबंध देश के कुल हालात से होता है। यानी यह कारोबार लड़खड़ा रहा है, तो यह भारत की कुल स्थिति पर एक प्रतिकूल टिप्पणी है।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपके व्यापार में लाभ के योग हैं। साथ में साइड बिजनेस कर सकते हैं, जिससे लाभ होने की संभावना बनेगी। नौकरी पेशा लोगों को नए अवसर मिलेंगे। जिन लोगों को पॉलिटिक्स में में रुचि है, उन्हें बड़ा पद प्राप्त हो सकता हैं। आज समाज में आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आपका पारिवारिक वातावरण शांतिपूर्ण रहेगा।

**वृष राशिः** आज आपका दिन भाग्यशाली रहेगा। कार्यक्षेत्र में आने वाली समस्याओं का समाधान मिलेगा। नौकरी में मनपसंद जगह ट्रांसफर हो सकता है। आज आपके व्यापार में ग्रोथ की संभावना है। आपकी सभी योजनाएं कामयाब रहेंगी। आप इस दौरान बड़ा निर्णय सोच समझकर लें, अच्छा रहेगा परिवार वालों की भी राय ले लें। आपका दांपत्य जीवन बढ़िया रहेगा।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन सुखद रहने वाला है। आपके लिए जमीन या मकान खरीदने के संयोग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में आप मनचाहा लाभ प्राप्त करेंगे। आज आपका वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आपको माता पिता और परिवार के अन्य सदस्यों का पूरा साथ मिलेगा। आज आपको किसी निवेश से बड़ा आर्थिक लाभ होगा।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपको सफलता दिलाने वाला होगा। नई नौकरी मिलने की संभावना है। उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों को मनचाहे परिणाम मिलने की उम्मीद है। वैवाहिक जीवन में खुशियां आएंगी, कहीं डिनर पर जाएंगे। इस दौरान किसी प्रकार के तर्क से बचें। आप परिवार के साथ समय बिताने की कोशिश करेंगे। उनकी खुशियों का ध्यान रखेंगे व्यस्तता होने के बावजूद आप उनके साथ कहीं घूमने जाएंगे।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। सरकारी जॉब कर रहे लोगों को प्रमोशन के चांसेस हैं। अच्छे पद पर कहीं ट्रांसफर के योग बने हुए हैं। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्र किसी प्रोजेक्ट पर काम करेंगे, कुछ नया सीखने को मिलेगा। आप संपत्ति खरीदने का मन बना सकते है। आपको अधिक धन लाभ के योग हैं। वैवाहिक रिश्ते में नयी-नयी खुशियां आने से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**कन्या राशिः** आपके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। आज कार्यक्षेत्र में आपके अनुकूल माहौल बना रहेगा। उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाने की प्रतीक्षा कर रहे छात्रों को उचित अवसर मिलेंगे। आप अपनी टीम के अच्छे लीडर के रूप में उभर कर सामने आएंगे। आपके किसी स्टार्टअप की योजना सफल रहेगी। आप अपने परिवार के साथ समय बिताएंगे। आप कहीं बाहर घूमने जाने का प्लान बना सकते हैं।

**तुला राशिः** आज आपका दिन लाभदाई रहेगा। आज कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। आज आपको किसी पैतृक संपत्ति का लाभ मिलेगा। आज आपके नए-नए लोगों से संपर्क जुड़ेंगे, जिससे आपके करियर में लाभ होगा। आज आप जीवनसाथी के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। परिवार में किसी बड़े से आप सलाह लेंगे, जो आपके लिए कारगर साबित होगा।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आपकी आय के साधनों में वृद्धि होगी। आपके रुके हुए कार्यों की गति बढ़ेगी। सोची हुई योजनाओं में सफलता मिलने के संकेत है। आप अपने भाई बहनों के साथ किसी दर्शनीय स्थल पर जा सकते हैं। अचानक किसी अति प्रिय रिश्तेदार या मित्र से मुलाकात होगी। समाज में आपकी मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**धनु राशिः** आपके लिए बदलाव लाने वाला दिन है। आपके कार्यों की कार्यस्थल पर सराहना होगी। आज आप किसी से भी उलझने बचे। आप अपने माता-पिता के साथ किसी आध्यात्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। आपका रुझान दार्शनिक व्यक्तियों की ओर बढ़ेगा। आप स्वास्थ्य को लेकर सावधानी बरतें। नियमित हेल्थ की जांच कराते रहें। सामाजिक स्तर पर आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मकर राशिः** आज आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका व्यक्तित्व लोगों को प्रभावित करेगा। सिनेमा जगत से जुड़े लोगों को अपने क्षेत्र में प्रसिद्धि मिलने के योग बने हुए है। कार्यस्थल पर आपका उत्साह बढ़ेगा।आज आप वाहन चलाते समय सावधानी बरतें।

**कुंभ राशिः** आपके लिए आज का दिन शुभ फलदाई साबित होगा। बिजनेस में नये काम के अवसर प्राप्त होंगे। यात्राओं से लाभ मिलने के संकेत है। आज आपको नौकरी बदलने का प्रस्ताव मिल सकता है। शोध करने वाले जो जातक विदेश जाकर काम करना चाहते हैं, उनको उचित अवसर मिलेंगे।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ की संभावना है। आज आप अपनी संतान के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं। उनके साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। घर के अन्य सदस्यों के साथ आपकी अच्छी बॉन्डिंग बनेगी। व्यापारियों के लिए लाभ के योग हैं।

# 2025: भारतीय खेलों का निर्णायक क्षण

//राहुल बोस//

**2025 भारत के खेलों के लिए एक निर्णायक वर्ष साबित हुआ। यह साल सिर्फ अंतरराष्ट्रीय मेडल जीतने के लिए महत्वपूर्ण नहीं था, बल्कि इसलिए भी खास रहा क्योंकि भारत के खेल तंत्र में बड़े बदलाव शुरू हुए। सरकार और निजी क्षेत्र ने खेलों में निवेश बढ़ाया, नई नीतियां बनाई गई और खेल सुविधाओं का विस्तार किया गया। अब इन कदमों को आगे बढ़ाने की जरूरत है ताकि भारत खेलों में मज़बूत और सफल राष्ट्र बन सके। इस साल सरकार ने नेशनल स्पोर्ट्स पॉलिसी (एनएसपी) 2025 को मंजूरी दी। यह नीति भारतीय खेलों के लिए एक लंबी अवधि की सोच और बेहतर अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन का लक्ष्य तय करती है। भारत पहले ही 2030 के कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी कर रहा है और 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने की इच्छा भी जताई है।**

इसके बाद नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस एक्ट 2025 लागू किया गया। इस कानून ने खेल प्रशासन की व्यवस्था को पूरी तरह बदल दिया है। अब फैसले मनमर्जी से नहीं, बल्कि पारदर्शी तरीके और तय नियमों के अनुसार होंगे। इस कानून में खिलाड़ियों को केंद्र में रखा गया है। चयन प्रक्रिया, फंडिंग से जुड़े फैसले और शिकायत निवारण जैसी चीजों के लिए साफ नियम, मानक और समय-सीमा तय की गई है। इससे अनियमितता कम होगी और खिलाड़ियों, खासकर छोटे शहरों और कम सुविधाओं वाले पृष्ठभूमि से आने वाले खिलाड़ियों के बीच भरोसा बढ़ेगा।

मेरे लिए सबसे खास बात यह है कि पहली बार इस कानून के तहत खेल संगठनों को अनिवार्य रूप से एक सेफ स्पोर्ट्स पॉलिसी अपनानी होगी, ताकि महिलाओं, नाबालिग खिलाड़ियों और कमजोर वर्ग के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही उन्हें अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार एक आचार संहिता भी लागू करनी होगी।

एक स्वतंत्र नेशनल स्पोर्ट्स बोर्ड और विशेष स्पोर्ट्स ट्रिब्यूनल निगरानी रखेंगे, जिससे स्थिरता और निरंतरता बनी रहेगी। वहीं, खिलाड़ियों की भागीदारी और महिलाओं को निर्णय लेने वाली समितियों में शामिल करना, खेल संघों में शक्ति संतुलन को बेहतर बनाता है। इन सभी बदलावों से खेल व्यवस्था में निष्पक्षता, भरोसा और लंबी अवधि की स्थिरता आएगी, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के लिए जरूरी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय खिलाड़ियों में व्यक्तिगत रुचि दिखाई है। वे खिलाड़ियों और टीमों को अपने घर बुलाकर सिर्फ सम्मान ही नहीं देते, बल्कि उनसे खुलकर बातचीत भी करते हैं। इन मुलाकातों में खिलाड़ियों की जीवन यात्रा, उनकी चुनौतियाँ, त्याग और सफलताओं पर बात होती है।

मैं भी अलग-अलग खेलों में भारत की प्रगति को बड़ी दिलचस्पी से देख रहा हूँ। इसी महीने जोशना चिनप्पा, अभय सिंह और अनाहत सिंह ने इतिहास रचा, जब भारत ने हांगकांग को 3-0 से हराकर पहली बार स्क्वैश वर्ल्ड कप का खिताब जीता।

भारतीय महिलाओं ने 2025 में दुनिया के खेल मंच पर शानदार प्रदर्शन किया। नवंबर 2025 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने आईसीसी महिला वर्ल्ड कप जीता। इसी तरह, भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने भी अपनी पहली टी20 वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रचा।

मुक्केबाज़ी में भी भारत ने शानदार शुरुआत की और वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल 2025 में नौ स्वर्ण पदक जीते। एशियन यूथ गेम्स 2025 में भी भारत ने अब तक का अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने बिहार के राजगीर में हुए एशिया कप 2025 में दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराकर खिताब जीता और आठ साल बाद फिर से एशियाई चैम्पियन बनी।

18 साल की शीतल देवी पैराआर्चरी में विश्व चैंपियन बनीं, और दिव्या देशमुख पहली भारतीय महिला बनीं जिन्होंने फाइड महिला वर्ल्ड कप का खिताब जीता।2025 में भारत की खेल सफलताएँ सिर्फ कुछ बड़े शहरों तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि देश के अलग-अलग हिस्सों तक फैलीं। हाल ही में एफआईएच पुरुष जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप तमिलनाडु में हुआ, और वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल ग्रेटर नोएडा में आयोजित किए गए। अहमदाबाद में बने नए और विश्वस्तरीय वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 11वीं एशियन एक्वेटिक्स चैम्पियनशिप आयोजित हुई।

रग्बी में भी बड़ी उपलब्धि देखी गई। बिहार के राजगीर में एशिया रग्बी एमिरेट्स अंडर-20 सेवन टूर्नामेंट हुआ, जिसमें भारतीय महिला टीम ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच ब्रॉन्ज मेडल जीता। एशिया रग्बी के अध्यक्ष क़ैस अल धलाई ने कहा कि बिहार में इस तरह का बड़ा युवा रग्बी टूर्नामेंट होना न सिर्फ खेल का जश्न है, बल्कि पूरे एशिया में खेल के फैलते विकास का मजबूत प्रमाण भी है। कई मायनों में रग्बी की प्रगति भी भारत के बड़े खेल बदलाव का ही हिस्सा है। जून 2025 में मुंबई में पहली बार रग्बी प्रीमियर लीग का आयोजन हुआ। यह दुनिया की शुरुआती फ्रेंचाइज़ी आधारित रग्बी सेवन्स लीगों में से एक है। इसमें छह शहरों की टीमें (जैसे चेन्नई बुल्स, हैदराबाद हीरोज़, मुंबई ड्रीमर्स आदि) शामिल थीं, जिनमें भारतीय खिलाड़ियों के साथ न्यूज़ीलैंड, साउथ अफ्रीका, फिजी और ऑस्ट्रेलिया जैसे बड़े रग्बी देशों के 30 से ज्यादा विदेशी खिलाड़ी भी खेले।15 जून को मुंबई के अंधेरी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए पहले मैच में बड़ी संख्या में लोग उत्साह के साथ देखने आए। मैच टीवी और ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी लाइव दिखाए गए। चार-चौथाई वाले रोमांचक मैच फॉर्मेट ने नई पीढ़ी के दर्शकों को आकर्षित किया और यह भरोसा दिलाया कि रग्बी भी भारत के व्यावसायिक खेलों का हिस्सा बन सकता है।

इससे यह साफ दिखता है कि रग्बी कितनी आगे बढ़ चुकी है, क्योंकि सिर्फ एक महीने बाद भारत ने बिहार के राजगीर जैसे शहर में एशियाई स्तर की रग्बी चैंपियनशिप की मेजबानी भी की।

केंद्र सरकार के खेल मंत्रालय ने खेलो इंडिया के तहत कई शहरों में अलग-अलग खेलों के लिए फ्रेंचाइज़ी आधारित लीग शुरू करने की बड़ी योजना बनाई है। मैं अपने अनुभव से कह सकता हूँ कि अस्मिता महिला रग्बी लीग ने देश के कई शहरों में युवा लड़कियों के बीच रग्बी को काफी बढ़ावा दिया है। साथ ही, निजी क्षेत्र की भागीदारी भी लगातार बढ़ रही है। टीवी चैनल और ओटीटी प्लेटफॉर्म खेलों के प्रसारण अधिकार ले रहे हैं और स्पॉन्सर भी अब भारतीय खेलों को एक मजबूत और फायदेमंद अवसर के रूप में देखने लगे हैं।

इस साल युवा मामले और खेल मंत्रालय ने नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशंस को मिलने वाली मदद की योजना में बड़े बदलाव किए। अब फेडरेशंस के लिए फंड पाने के लिए साफ नियम तय किए गए हैं। उदाहरण के तौर पर, जिन फेडरेशंस का वार्षिक बजट 10 करोड़ रुपये से ज्यादा है, उन्हें अब एक फुल-टाइम हाई परफॉर्मेंस डायरेक्टर रखना ज़रूरी है, जो खेल की तकनीकी और प्रदर्शन से जुड़ी योजनाओं को संभाले।

हर खेल संगठन को अपने बजट का कम से कम 20त्न हिस्सा जमीनी स्तर के विकास, यानी जूनियर और युवा खिलाड़ियों की ट्रेनिंग पर खर्च करना होगा, और कम से कम 10त्न हिस्सा कोच और सपोर्ट स्टाफ की ट्रेनिंग पर लगाना होगा।

अंतरराष्ट्रीय स्तर के संभावित खिलाड़ियों को अब नॉन-कैम्प दिनों में भी 10,000 रुपये मासिक डाइट भत्ता दिया जाएगा, ताकि कोई खिलाड़ी आर्थिक कमी की वजह से खाना छोड़कर अपने सपने पूरे करने से पीछे न रह जाए।

इसी बीच फिट इंडिया आंदोलन, खासकर सन्डेज ऑन साइकिल पहल (दो बार मैं खुद हिस्सा रहा हूँ), पूरे देश में लोगों को हर हफ्ते साइकिल चलाने और फिट रहने के लिए प्रेरित कर रहा है। यह पहल केंद्रीय खेल मंत्री ने शुरू की है और भारतीयों में शारीरिक फिटनेस बढ़ाने की दिशा में एक अच्छा कदम है।

मैं पहले भी कह चुका हूँ और फिर कहूँगा-खेल और फिटनेस समाज की जीवनशैली का हिस्सा बनने चाहिए। तभी असली और टिकाऊ बदलाव आएगा। हमें खेल से जुड़ा एक मानवीय और मजबूत सिस्टम बनाना होगा। सोने के मेडल किसी देश के लिए गर्व का बड़ा कारण होते हैं, लेकिन असली पहचान तब बनती है जब देश में हर किसी के लिए खेल सुलभ हों और खेल संस्कृति आम लोगों की जिंदगी का हिस्सा बन जाए।

नेशनल स्पोर्ट्स पॉलिसी के पाँच स्तंभ हर खेल को देश निर्माण में योगदान देने का मौका देते हैं। सिर्फ प्रदर्शन के जरिए नहीं, बल्कि बड़े पैमाने पर लोगों की भागीदारी, सामाजिक और आर्थिक प्रभाव और शिक्षा से जुड़ाव के माध्यम से भी।नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस एक्ट खेल व्यवस्था में पहले से कहीं ज्यादा मजबूत नियम और व्यवस्था लाता है और फेडरेशंस को हर स्तर पर बेहतर प्रशासन और पारदर्शिता अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह नीति ऐसे नेताओं के लिए बड़ा अवसर देती है जो ईमानदारी से खेल क्षेत्र में योगदान देना चाहते हैं।खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन और केंद्र व राज्य सरकारों की सक्रिय भूमिका सभी हितधारकों-फेडरेशन से लेकर स्पॉन्सर तक को अपनी सोच और लक्ष्यों को और बड़ा करने के लिए प्रेरित करती है।खेलों के विकास के लिए सुरक्षित खेल माहौल बनाना और उम्र की गलत जानकारी (एज फ्रॉड) जैसी समस्याओं को रोकना बहुत ज़रूरी है, खासकर रग्बी जैसे खेलों के लिए।2030 कॉमनवेल्थ गेम्स और अन्य बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों की मेजबानी का अधिकार हासिल करना खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों के लिए फायदेमंद है। इससे उन्हें विश्व स्तर के खेल देखने और खेलने का मौका मिलता है।  सरकार ने लक्ष्य रखा है कि अगले दस वर्षों में भारत दुनिया के टॉप 10 खेल राष्ट्रों में शामिल हो। इसके लिए मज़बूत नींव तैयार हो चुकी है। अब ज़रूरत है कि हम दिशा बदलने के बजाय लगातार मेहनत, अनुशासन और रफ्तार बनाए रखें। यह भारत, भारतीय खेलों और पूरे समाज के लिए बेहद उत्साहजनक समय है। आगे बढ़ते रहें, नई ऊँचाइयों की ओर!

# कांग्रेस ने विभाजन के बीज बोए

//बलबीर पुंज//

**भारतीय उपमहाद्वीप में जो मुस्लिम समूह 'वंदे मातरम्' के विरोध के पीछे मजहबी कारणों का हवाला देता है, वह वास्तव में भ्रामक और झूठा है। विश्व के इस क्षेत्र में मुसलमानों का एक बड़ा हिस्सा पाकिस्तान को इस्लामी पहचान का प्रतीक मानता है। परंतु पाकिस्तान न तो इस्लाम का रक्षक है, न ही 'उम्माह' के प्रति वफादार। भारत के राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के विरोध का कारण क्या है? तथाकथित 'सेकुलर' खेमा— जोकि वामपंथियों, स्वयंभू उदारवादियों और मुस्लिम नेतृत्व के एक वर्ग को मिलाकर बना है— उसका दावा है कि वंदे मातरम् 'गैर-इस्लामी' है। सच क्या है? दरअसल, इस आपत्ति की जड़े इस्लामी अवधारणाओं के बजाय भारतीय उपमहाद्वीप के मुस्लिम अभिजात वर्ग में व्याप्त गैर-इस्लामी सनातन सभ्यता के प्रति गहरे द्वेष में अधिक मिलती है। इसी अंतर्निहित वैमनस्य की कोख से पाकिस्तान का जन्म हुआ था, जो आज भी विश्व के इस भूखंड में सांप्रदायिक विभाजनकारी मानसिकता को जिंदा रखे हुए है।**

जिस तरह संस्थाएं-व्यक्ति समय के साथ बदलते हैं, वैसे ही विचार भी विकसित होते हैं। 'वंदे मातरम्' बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित गीत है, जिसे पहले 1875 में स्वतंत्र कविता के रूप में लिखा गया, फिर यह 1882 में 'आनंदमठ' उपन्यास में शामिल हुआ। यह साहित्य 1773 के 'संन्यासी विद्रोह' पर आधारित है, जो ब्रितानी शासन और तत्कालीन इस्लामी-व्यवस्था के विरुद्ध था। बीसवीं सदी की शुरूआत से यह गीत स्वतंत्रता आंदोलन का सबसे शक्तिशाली नाद बन गया। कांग्रेस स्वयं भी इस वैचारिक रूपांतरण का एक बड़ा उदाहरण है। 1885 में अंग्रेज अधिकारी एलन ऑक्टेवियन ह्यूम द्वारा स्थापित कांग्रेस पहले ब्रिटिश-राज की स्थिरता और 1857 जैसे विद्रोह को रोकने का कुटिल उपक्रम था। परंतु एक पीढ़ी के भीतर– विशेषकर वर्ष 1920 के बाद गांधीजी के नेतृत्व में, वही दल जन-आधारित राष्ट्रवाद की सबसे बड़ी धुरी बन गया। क्या केवल इस कारण कांग्रेस को खारिज किया जा सकता है कि उसकी स्थापना एक अंग्रेज ने ब्रितानी हितों की रक्षा हेतु की थी? यदि नहीं, तो फिर 'वंदे मातरम्' का विरोध उसके मूल साहित्यिक संदर्भ के नाम पर कैसे जायज ठहराया जा सकता है? वर्ष 1896 में कांग्रेस के कोलकाता अधिवेशन में गुरुदेव रबींद्रनाथ टैगोर ने इस गीत को पहली बार गाया। 1905 के वाराणसी अधिवेशन में कांग्रेस ने इसे राष्टीय अवसरों पर गाने का औपचारिक निर्णय लिया। वर्ष 1907 में मैडम भीकाजी कामा ने देश के बाहर जर्मनी में पहली बार भारतीय तिरंगा फहराया, जिस पर 'वंदे मातरम्' लिखा था। 1909 में वीर क्रांतिकारी मदनलाल ढींगरा 1909 में 'वंदे मातरम्' बोलते हुए फांसी पर चढ़ गए। खिलाफत आंदोलन (1919-24) के बाद कुछ मुस्लिम नेताओं ने मजहबी आधार पर इसके खिलाफ आपत्ति उठानी शुरू कर दी। यह वही दौर था, जब ब्रिटिश संरक्षण में देश में अलगाववादी शक्तियां (द्रविड़ आंदोलन सहित) तेजी से बढ़ रही थीं। तब मुस्लिम नेतृत्व का कांग्रेस-विरोध केवल वंदे मातरम् तक सीमित नहीं था। उन्होंने लगभग हर उसका विरोध किया, जो भारत की सभ्यतागत विविधता और सांस्कृतिक आत्मा का प्रतीक रहा। इसमें वे ब्रितानियों और वामपंथियों के साथ खड़े दिखाई दिए। अपने पिछले लेख में मैंने पीरपुर समिति रिपोर्ट का उल्लेख किया था। मार्च 1938 में प्रकाशित इस दस्तावेज का औपचारिक नाम– ए रिपोर्ट ऑफ द इन्क्वारी कमेटी अप्वाइंटेड बाय द काउंसिल ऑफ द ऑल इंडिया मुस्लिम लीग था। यह पीरपुर रिपोर्ट के नाम से इसलिए प्रसिद्ध हुई, क्योंकि इसके रचनाकार मुस्लिम लीग नेता राजा मोहम्मद मेहदी ऑफ पीरपुर थे। इस रिपोर्ट में हिंदू, हिंदू सांप्रदायिकता और कांग्रेस– तीनों का अर्थ एक ही था। इसमें हिंदी भाषा के प्रयोग, वंदे मातरम् और गौसंरक्षण जैसे मुद्दों को उठाया गया। तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व ने मुस्लिम लीग के अधिकांश आरोपों को निराधार बताया। परंतु उसने विरोध करने के बजाय जिहादी शक्तियों के सामने घुटने टेक दिए और अक्टूबर 1937 में कांग्रेस कार्यसमिति ने वंदे मातरम् का संक्षिप्त संस्करण अपनाकर देवी दुर्गा से जुड़े अंश हटा दिए। यह निर्णय देश पर भारी पड़ा। तब पीरपुर रिपोर्ट को आधार बताकर नैरेटिव गढ़ा गया कि स्वतंत्र भारत में मुसलमानों को न्याय नहीं मिलेगा, इसलिए पाकिस्तान जरूरी है। इसी आत्मसमर्पण वाली मानसिकता से ग्रस्त होकर दस वर्ष बाद जून 1947 में कांग्रेस ने विभाजन भी स्वीकार कर लिया। पीरपुर रिपोर्ट में जो आरोप तब कांग्रेस पर लगाए गए थे, वह आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस पर मढ़े जाते हैं। क्या विभाजन के बाद खंडित भारत में बसे मुस्लिम समुदाय का दिल बदल गया। बार-बार नैरेटिव गढ़ जाता है कि वर्तमान भारतीय मुसलमानों ने 'दो-राष्ट्र सिद्धांत' को ठुकराकर पाकिस्तान के बजाय खंडित भारत को चुना। यदि यह सच है, तो फिर भारतीय सभ्यता का प्रतीक वंदे मातरम् आज भी उसी समुदाय के कुछ हिस्सों को क्यों खटकता है? यह कटु सत्य है कि पाकिस्तान की मांग तब बिहार, उत्तरप्रदेश और बंगाल के मुस्लिम अभिजात वर्ग ने की थी, उनमें से अधिकांश पाकिस्तान नहीं गए। उन्होंने यहीं रहकर जिहादी नकाब उतारकर खादी पहन ली और उसी कांग्रेस में शामिल हो गए, जिसे वे कभी 'गैर-इस्लामी' कहते थे। पीरपुर रिपोर्ट के लेखक राजा मेहदी के बेटे सैयद अहमद मेहदी भी बाद में कांग्रेस के सांसद और केंद्रीय मंत्री भी बने। ऐसे कई उदाहरण है। कितनी बड़ी विडंबना है कि आजादी से पहले जो मुस्लिम नेता 'दो राष्ट्र सिद्धांत' के झंडाबरदार थे, वे आज सेकुलरवाद के 'पैरोकार' है। भारतीय उपमहाद्वीप में जो मुस्लिम समूह 'वंदे मातरम्' के विरोध के पीछे मजहबी कारणों का हवाला देता है, वह वास्तव में भ्रामक और झूठा है। विश्व के इस क्षेत्र में मुसलमानों का एक बड़ा हिस्सा पाकिस्तान को इस्लामी पहचान का प्रतीक मानता है। परंतु पाकिस्तान न तो इस्लाम का रक्षक है, न ही 'उम्माह' के प्रति वफादार। वैश्विक मुस्लिम एकजुटता के बजाय अमेरिका-इजराइल का प्रत्यक्ष-परोक्ष साथ देते हुए ईरान पर हमले का सहभागी बनना, गाजा पर अमेरिकी प्रस्ताव को स्वीकार और अपने देश में मुसलमानों की पहचान मिटाने वाले चीन के साथ रणनीतिक गठजोड़ करना– पाकिस्तान और उससे सहानुभूति रखने वाले वर्ग के दोहरे चरित्र को उजागर करता है। यह विडंबना है कि जो मुस्लिम समूह 'भारत माता' को नमन करने वाले 'वंदे मातरम्' का विरोध करता है, लगभग वह ही मंदिर तोड़ने और असंख्य हिंदुओं-सिखों का संहार करने वाले मुस्लिम आक्रांताओं– बाबर और औरंगजेब, टीपू सुल्तान आदि का महिमामंडन करता है। क्या इस चिंतन की जड़े भारतीय सनातन संस्कृति के प्रति घृणा में नहीं छिपी। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का यह कथन कि 1937 में कांग्रेस ने विभाजन के बीज बोए– कोई राजनीति से प्रेरित वक्तव्य नहीं, बल्कि ऐतिहासिक तथ्य है।

## तस्वीरों की दुनिया



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी के साथ कोलकाता में थंथानिया काली बाड़ी का दौरा किया।



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ढाका में पूर्व बांग्लादेशी प्रधानमंत्री खालिदा ज़िया के अंतिम संस्कार कार्यक्रम से पहले पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के स्पीकर सरदार अयाज सादिक से मुलाकात की।



रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने चांदीपुर में यूजर इवैल्यूएशन ट्रायल के दौरान ओडिशा तट से एक ही लॉन्चर से दो प्रलय मिसाइलों का सफल साल्वो लॉन्च किया।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की दूसरी सालगिरह के मौके पर लोगों का अभिवादन किया।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की दूसरी वर्षगांठ पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को सम्मानित किया।




मुरादाबाद में एक शिक्षण संस्थान के शिक्षकों ने नए साल की पूर्व संध्या पर लोगों को नए साल 2026 की शुभकामनाएं दीं।



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में राज्य द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात की।

# ऑपरेशन सिंदूर के निर्णायक प्रहार से दुनिया को दिया स्पष्ट संदेश

## सरकार बोली- भारत आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा

**नईदिल्ली, 01 जनवरी [एजेंसी]।**

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत के अटूट संकल्प का एक मजबूत प्रमाण है। भारतीय सशस्त्र बलों ने सटीकता के साथ पाकिस्तान के आतंकी ढांचों पर सुनियोजित और निर्णायक प्रहार किया। इस अभियान ने दुनिया को एक स्पष्ट संदेश दिया - भारत आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा, और जो भी इसे प्रायोजित करेगा उसे इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। यह अभियान भारत के सैन्य इतिहास में एक निर्णायक क्षण और सैन्य सटीकता एवं राष्ट्रीय संकल्प के प्रतीक के रूप में याद किया जाएगा। पहलगाम में हुए भयावह आतंकी हमले के जवाब में 7 मई की सुबह तड़के ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया, जिसमें कम से कम 100 आतंकवादियों को मार गिराया गया। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे।इस सैन्य कार्रवाई के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में नौ आतंकी शिविरों पर सटीक मिसाइल हमलों की एक श्रृंखला शुरू की थी, जिसके परिणामस्वरूप भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिनों का संघर्ष हुआ था। मंत्रालय ने कहा कि यह अभियान आतंकवाद के खिलाफ भारत के अटूट संकल्प का एक सशक्त प्रमाण है - निर्णायक नेतृत्व, संयुक्त परिचालन तालमेल और पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों द्वारा की जा रही क्रूर हत्याओं से अपनी संप्रभुता की रक्षा करने के राष्ट्र के इरादे का एक साहसिक प्रदर्शन है। इस अभियान ने अतुलनीय बहु-क्षेत्रीय क्षमता का प्रदर्शन किया और इसे भूमि, समुद्री और हवाई जैसे पारंपरिक क्षेत्रों के साथ-साथ साइबर, अंतरिक्ष और सूचना युद्ध के उभरते क्षेत्रों में एक साथ अंजाम दिया गया।





मंत्रालय ने कहा, रणनीतिक दूरदर्शिता और सेना के संयम के साथ, ऑपरेशन सिंदूर ने क्षमता विकास पर भारत के निरंतर ध्यान को उजागर किया, अर्थात् खुफिया प्रभुत्व से लेकर अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और संयुक्त परिचालन तत्परता तक। इस अभियान को सरकार के सभी अंगों के निर्बाध समन्वय के माध्यम से राष्ट्र की इच्छा के क्रियान्वयन का एक उत्कृष्ट उदाहरण बताया गया। इसमें कहा गया कि स्वदेशी प्रौद्योगिकियों और हथियार प्रणालियों की युद्ध में सफलता भारत द्वारा प्रतिपादित आत्मनिर्भरता की परिकल्पना की सफलता का प्रमाण है।

## भारतीय सेना ने अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में मार गिराए 237 ड्रोन, ऑपरेशन सिंदूर पर सरकार ने कही ये बात



**नईदिल्ली, 01 जनवरी [एजेंसी]।**

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि 2025 के दौरान ड्रोन घुसपैठ की कुल 791 घटनाएं दर्ज की गईं। इनमें जम्मू और कश्मीर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर नौ घटनाएं और पंजाब और राजस्थान में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 782 घटनाएं शामिल हैं। मंत्रालय ने वर्ष के अंत में समीक्षा वक्तव्य में यह जानकारी दी कि पश्चिमी मोर्चे पर अपने स्पूफर और जैमर का प्रभावी उपयोग ड्रोन के खतरे को काफी हद तक कम करने में कारगर साबित हुआ।इस दौरान, भारतीय सेना ने अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में 237 ड्रोन मार गिराए। इनमें पांच ड्रोन युद्ध सामग्री से भरे हुए थे, 72 ड्रोन नशीले पदार्थों से भरे हुए थे और 161 ड्रोन बिना किसी पेलोड के थे। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय सेना के अथक प्रयासों के कारण जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। इसने यह भी कहा कि लोगों ने विकास का मार्ग चुना है और वे सरकार तथा सेना द्वारा संचालित सभी पहलों में बड़ी संख्या में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। उत्तरी सीमाओं पर स्थिति स्थिर, मगर संवेदनशील रक्षा मंत्रालय के अनुसार, देश की उत्तरी सीमाओं पर स्थिति स्थिर, लेकिन संवेदनशील बनी हुई है। मंत्रालय ने इस बात पर जोर दिया कि वास्तविक नियंत्रण रेखा के सभी क्षेत्रों में भारतीय सेना की तैनाती मजबूत, सुव्यवस्थित है और किसी भी उभरती हुई आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।बहरहाल, भारत और चीन के बीच राजनीतिक, राजनयिक और सैन्य स्तर पर द्विपक्षीय बातचीत ने उत्तरी सीमाओं पर सकारात्मक विकास और स्थिरता को बढ़ावा दिया है।

### नैनीताल में नया साल आते ही जश्न में डूबे पर्यटक, डीजे के तेज गानों पर लगाए ठुमके

**नैनीताल।** शहर में पर्यटकों ने पुराने साल की विदाई और नये साल के स्वागत में खूब जश्न मनाया। उच्चस्तरीय होटलों में कम पर्यटकों के बाद भी जश्न का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। डीजे के तेज संगीत पर पर्यटक खूब थिरके। रात 12 बजते ही पर्यटकों ने एक-दूसरे को नये साल की शुभकामनाएं दी। पुलिस के व्यापक इंतजाम की वजह से सड़कों पर हुड़दंग नजर नहीं आया।सरोवर नगरी में इस बार थर्टी फर्स्ट का जश्न सामान्य रहा। पुलिस की सख्ती होटलों में कमरों की बुकिंग में रोड़ा अटका गई। बुधवार रात को उच्च स्तरीय सुविधायुक्त होटलों में गीत संगीत के साथ नये साल का जश्न मनाया गया। होटलों में कपल डांस सहित विविध प्रतियोगिता हुई। डीजे के तेज संगीत में पर्यटक जोड़ों ने खूब मस्ती की।माल रोड पर भी देर रात तक पर्यटकों की चहलकदमी चलती रही। होटल एसोसिएशन की ओर से माल रोड पर संगीत की व्यवस्था की गई।

## बी.फार्मा में प्रवेश की डेडलाइन बढ़ाने से हाई कोर्ट का इनकार न्यायालय ने कहा- सर्वोच्च अदालत ने स्पष्ट कर दी है अंतिम तिथि



**लखनऊ।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए बी.फार्मा पाठ्यक्रम में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाने से इन्कार कर दिया है। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित प्रवेश कार्यक्रम से इतर आदेश देने का अधिकार किसी भी प्राधिकरण अथवा हाई कोर्ट को नहीं है। यह आदेश न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने लखनऊ माडल कालेज आफ फार्मेसी की ओर से दाखिल याचिका पर दिया। याचिका में डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय को निर्देश देने की मांग की गई थी कि वह फार्मेसी पाठ्यक्रमों की काउंसलिंग व प्रवेश प्रक्रिया को बढ़ाए। तर्क दिया गया कि सुप्रीम कोर्ट ने 19 दिसंबर 2025 को मध्य प्रदेश में फार्मेसी की रिक्त सीटों को देखते हुए काउंसलिंग की तिथि बढ़ाई थी। इसके अतिरिक्त इंडियन नर्सिंग काउंसिल और उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने भी नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 तक बढ़ाई है। हालांकि, राज्य सरकार और विश्वविद्यालय की ओर से अदालत को बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट ने पार्श्वनाथ चैरिटेबल ट्रस्ट मामले में वर्ष 2012 में प्रवेश का विस्तृत कार्यक्रम तय किया था, जिसमें स्पष्ट कहा गया है कि अंतिम तिथि के बाद किसी भी परिस्थिति में प्रवेश नहीं दिया जा सकता।

इसी आदेश के अनुपालन में सुप्रीम कोर्ट ने स्वयं 31 अक्टूबर 2025 को बी.फार्मा पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश की समय-सीमा मात्र 15 नवंबर 2025 तक ही रखी थी। न्यायालय ने कहा कि जब सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट रूप से अंतिम तिथि तय कर दी है, तो हाई कोर्ट के पास उससे आगे समय बढ़ाने का कोई अधिकार नहीं है।

## कोहरे में सुरक्षित यात्रा: गाजियाबाद में रोडवेज बसों के लिए नया नियम, रात में केवल अनुभवी ड्राइवर चलाएंगे बसें

**साहिबाबाद, 01 जनवरी [एजेंसी]।**

रात में रोडवेज बसों का संचालन दुर्घटना रहित चालक ही कर सकेंगे। इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने सभी डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को आदेश जारी कर दिए हैं। जिन चालकों से बस का संचालन करते हुए घटनाएं हुई हैं उन्हें रात में रोडवेज बसों पर तैनात नहीं किया जाएगा। गाजियाबाद रीजन के साहिबाबाद, कौशांबी, लोनी, हापुड़, खुर्जा, बुलंदशहर व सिकंदराबाद डिपो में परिवहन निगम की कुल 895 बसें हैं। इन बसों पर तैनात चालकों के लिए अभी तक रात व दिन के हिसाब से कोई नियम नहीं थे। लगातार बढ़ रहे कोहरे के चलते परिवहन निगम ने सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं। रात में संचालित होने वालीं बसों पर ऐसे चालकों को तैनात करने के लिए कहा गया है जिनसे कोई सड़क दुर्घटना न हुई हो और न ही ओवर स्पीड बस चलाने की शिकायत आई हो।सभी डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों ने चालकों की सूची तैयार करनी शुरू कर दी है। अगले दो दिन में सभी को नियम के अनुसार तैनात कर दिया जाएगा।कोहरे में बसों को बेहतर तरीके संचालित करने के लिए चालकों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इसमें चालकों को बताया जा रहा है कि ओवर स्पीड में बस का संचालन नहीं करना है। अगर अधिक कोहरा है बस को सड़क से नीचे उतार कर खड़ा कर लें।





हाईवे और एक्सप्रेस-वे पर बस खड़ी न करें। अधिकारियों का कहना है कि अगर किसी तरह की लापरवाही सामने आती है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।दुर्घटना रहित चालकों की सूची तैयार कर उन्हें तैनात किया जा रहा है। कोहरा में बस को संचालित करने में लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यालय के आदेशों का पालन करना अनिवार्य है।

### कुरान पर हाथ रखकर न्यूयॉर्क के मेयर पद की शपथ लेंगे ममदानी, सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयार्क सिटी के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी एक जनवरी को पद की शपथ लेंगे। वह कुरान पर हाथ रखकर मेयर पद की शपथ लेंगे। गत चार नवंबर को हुए मेयर पद के चुनाव में ममदानी निर्वाचित हुए थे। भारतीय मूल के 34 वर्षीय ममदानी फिल्मकार मीरा नायर के बेटे हैं। ममदानी सार्वजनिक और निजी शपथ ग्रहण समारोहों में कुरान का उपयोग करेंगे। वरिष्ठ सलाहकार जारा रहीम ने बताया कि यह एक बेहद प्रतीकात्मक चयन है, क्योंकि हम एक मुस्लिम मेयर को कुरान का उपयोग करते हुए शपथ लेते हुए देख रहे हैं।

## रहस्यमयी ढंग से लापता हुई एचएम370 फ्लाइट की खोज 11 साल बाद फिर शुरू

### 239 यात्रियों का नहीं मिला था सुराग



**हनोई, 01 जनवरी [एजेंसी]।**

मलेशिया एयरलाइंस का विमान एमएच370 साल 2014 में कुआलालंपुर से बीजिंग जाते समय अचानक लापता हो गया था। इस विमान में 239 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। इतने वर्षों बाद भी विमान का सही पता नहीं चल सका, इसलिए अब उसकी तलाश एक बार फिर शुरू की गई है। मलेशिया सरकार ने बताया कि एक खास खोजी जहाज हिंद महासागर में भेजा गया है। इस जहाज में ऐसे आधुनिक उपकरण लगे हैं, जो समुद्र के बहुत नीचे तक जाकर विमान के निशान खोज सकते हैं। खोज किस जगह हो रही है, इसकी जानकारी फिलहाल सार्वजनिक नहीं की गई है।अब तक विमान का मुख्य हिस्सा नहीं मिला है, लेकिन पहले इसके कुछ टुकड़े समुद्र के किनारों पर मिले थे। सरकार और खोज करने वाली कंपनी को उम्मीद है कि नई रोबोटिक तकनीक की मदद से इस बार विमान से जुड़ा कोई अहम सुराग मिल सकता है, जिससे इस लंबे समय से चले आ रहे रहस्य पर से पर्दा उठ सके।

## असम में पाक स्थित आतंकी संगठन का मॉड्यूल खड़ा करने के दोषी को उम्रकैद, तीनों मामलों में 5000 रुपये का जुर्माना ठोका



**गुवाहाटी, 01 जनवरी [एजेंसी]।**

असम में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन का माड्यूल बनाने के आरोप में एक व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। गुवाहाटी स्थित एनआइए की विशेष अदालत ने मोहम्मद कामरुज जमान उर्फ कमरुद्दीन को आतंक रोधी कानून के प्रविधानों के तहत तीन अलग-अलग सजाएं सुनाई हैं, जिनमें अधिकतम सजा आजीवन कारावास है। ये सजाएं एक साथ चलेंगी। एनआईए ने बुधवार को बताया कि कोर्ट ने जमान पर तीनों मामलों में 5,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया, और जुर्माना न भरने की स्थिति में तीन महीने की अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा का भी प्रविधान किया। जमान को असम में प्रतिबंधित हिजबुल मुजाहिदीन आतंकी संगठन का एक माड्यूल खड़ा करने और 2017-18 के दौरान आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के आरोप में दोषी ठहराया गया था। वह असम के होजाई जिले के जमुनामुख थानान्तर्गत एराकापिली गांव का रहने वाला है।एनआइए ने एक बयान में कहा कि इस साजिश का मकसद लोगों के मन में दहशत फैलाना था। आतंकवाद रोधी एजेंसी की जांच के अनुसार, जमान ने इस उद्देश्य के लिए शाहनवाज आलम, सैदुल आलम, उमर फारूक और कुछ अन्य लोगों को भर्ती किया था।

एजेंसी ने मार्च, 2019 में इन चार लोगों सहित पांच लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। एनआइए के अनुसार, शाहनवाज, सैदुल और उमर ने अपना जुर्म कबूल कर लिया था और उन्हें दोषी ठहराया गया था, मगर पांचवें आरोपित जयनाल उद्दीन की मुकदमे की सुनवाई के दौरान बीमारी से मृत्यु हो गई।

## पाकिस्तान की फिर गीदड़ भभकी, आसिम मुनीर ने कहा- क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन होने पर जवाब देंगे



**इस्लामाबाद।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के हाथों मुंह की खा चुके पाकिस्तान के चीफ ऑफ डिफेंस फोर्स फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने एक बार फिर गीदड़ भभकी दी है।उन्होंने बुधवार को कहा कि पाकिस्तान की क्षेत्रीय अखंडता का किसी तरह से उल्लंघन होने पर निर्णायक जवाब दिया जाएगा। मुनीर ने रावलपिंडी स्थित जनरल हेडक्वार्टर में बलूचिस्तान पर आयोजित 18वीं राष्ट्रीय कार्यशाला के प्रतिभागियों के साथ बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। मुनीर ने क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के प्रति पाकिस्तान को प्रतिबद्ध बताया। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि भारत समर्थित गुट बलूचिस्तान में हिंसा फैलाना और विकास को बाधित करना जारी रखे हुए हैं। हालांकि, उन्होंने अपने दावे के समर्थन में कोई सुबूत नहीं दिया। पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने कहा कि प्रांत को आतंकवाद और अशांति से मुक्त कराने के लिए सुरक्षा बलों द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## विरोधियों को फंसाने के लिए मेडिकल कॉलेज में चोट की रिपोर्ट में की हेराफेर, एक निलंबित

### अब कमेटी करेगी मामले की जांच



**एटा।** मेडिकल कालेज में झगड़े और अन्य विवादित मामलों में विपक्षियों को फंसाने के लिए चोट की रिपोर्ट में हेराफेरी करने का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि कुछ लोग स्वास्थ्य कर्मियों से सांठगांठ कर चोट की रिपोर्ट बदलवा रहे थे, ताकि सामने वाले पक्ष को गंभीर मामलों में फंसाया जा सके। इस खेल का खुलासा उस समय हुआ जब एक्सरे में हड्डी टूटी दिखाने के नाम पर वसूली किए जाने का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो गया।वीडियो प्रसारित होने के बाद मेडिकल कालेज प्रशासन ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच कराई गई, जिसमें प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए गए। इसके बाद एक्सरे रिपोर्ट में गड़बड़ी करने वाले स्वास्थ्य कर्मी एक्सरे टैक्नीशियन मुनीष वर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. बलवीर सिंह ने सीएमएस डा. सुरेश चंद्रा के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच करेगी और यह पता लगाएगी कि इस खेल में और कौन कौन लोग शामिल हैं। कमेटी को यह भी जिम्मेदारी सौंपी गई है कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए ठोस सुझाव दिए जाएं। बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो में एक्सरे रिपोर्ट में हड्डी टूटने का झूठा उल्लेख करने के बदले पैसे की मांग की जा रही है। इससे मेडिकल कालेज की कार्य प्रणाली और विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो गए हैं। सीएमएस ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मेडिकल कालेज में रिपोर्ट तैयार करने और जांच प्रक्रिया को और पारदर्शी बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## कंस के दरबार में सीएम माझी: विकास कार्यों का दिया विवरण 1362 करोड़ रुपये की लागत से 123 परियोजनाओं का शुभारंभ



**संबलपुर।** प्रसिद्ध बरगढ़ धनुयात्रा महोत्सव के सातवीं शाम, महाराज कंस का दरबार का दृश्य लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस मंच पर मुख्यमंत्री मोहन चरन माझी उपस्थित होकर नागरिकों के समक्ष बरगढ़ जिले में किए गए विकास कार्यों का विस्तार से विवरण प्रस्तुत किया। दरबार पहुंचने से पहले मुख्यमंत्री हाथी पर सवार होकर बरगढ़ शहर का परिक्रमा किया। मुख्यमंत्री माझी ने बताया कि बरगढ़ जिले में कुल 1362 करोड़ रुपये की लागत से 123 परियोजनाओं का एक साथ शुभारंभ और लोकार्पण किया गया है। इनमें 980.58 करोड़ रुपये की 85 परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई तथा 382.26 करोड़ रुपये की 38 परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया। मुख्यमंत्री ने मंच से 380 करोड़ रुपये की लागत वाली 4 नई परियोजनाओं की घोषणा की, जिनमें 132 करोड़ रूपए की लागत से बरगढ़ के जिरा नदी पर सीवेज शोधन संयंत्र, बरगढ़ के हाटपड़ा में 30 करोड़ रूपए की लागत से वेंडिंग जोन, बरगढ़ सदर क्षेत्र में 65 करोड़ रूपए की लागत से अटल बस स्टैंड, ग्रींडोला में 150 करोड़ रूपए की लागत से अंतरङ्गनदी जलाशय निर्माण और धनुयात्रा के लिए विशेष एवं भव्य रंगमहल मंच निर्माण हेतु 12 करोड़ 80 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई।

इसके साथ ही बरगढ़ नहर के सौंदर्यीकरण के लिए 30 करोड़ 17 लाख की लागत से बॉक्स कंडइट परियोजना और जिरा नदी में 114 करोड़ 87 लाख रूपए की लागत से अंतर नदी जलाशय भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री माझी ने सामाजिक योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सुभद्रा योजना के अंतर्गत 3 लाख 41 हजार माताओं को 10 हजार रुपये तक की सहायता राशि प्रदान की गई है।इसके अतिरिक्त खरीफ-रबी 2024-25 के अंतर्गत 2 लाख 41 हजार किसानों से धान क्रय कर 13 लाख 99 हजार मीट्रिक टन धान हेतु 4338 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि धनुयात्रा न केवल संस्कृति और अध्यात्म का संगम है, बल्कि यह क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बनाती है।

## माघ मेला को लेकर 108 औद्योगिक इकाइयों में छापेमारी

### कानपुर में गंगा को प्रदूषित करने वाली केमिकल फैक्ट्री सील



**कानपुर।** माघ मेला के दौरान गंगा की अविरलता और निर्मलता बनी रहे, इसके लिए प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से निर्धारित बंदी रोस्टर के तहत गंगा को प्रदूषित करने वाली इकाइयों में मंगलवार और बुधवार को निरीक्षण का अभियान चलाया गया। अभियान के तहत गठित सात जिलास्तरीय टीमों ने औद्योगिक क्षेत्रों में छापेमारी की। इस दौरान पनकी में एक केमिकल फैक्ट्री को सील कर दिया गया। क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी अजीत कुमार सुमन ने बताया कि टीमों ने 108 इकाइयों की जांच की। इस दौरान अधिकांश इकाइयां बंदी रोस्टर व पर्यावरणीय मानकों का पालन करती पाई गईं। हालांकि पनकी औद्योगिक क्षेत्र स्थित बीकेम केमिकल्स फैक्ट्री में नियमों का उल्लंघन पाया गया।निर्धारित मानकों के विपरीत संचालन और बंदी रोस्टर का पालन न किए जाने पर फैक्ट्री के उत्पादन गतिविधियों पर रोक लगा दी गई। जो भी औद्योगिक इकाई नियमों का उल्लंघन करती पाई जाएगी, उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## दिल्ली की स्वास्थ्य सेवाओं को वर्ष 2026 में मिलेगा नया विस्तार, सुपर-स्पेशियलिटी ब्लॉक



**नईदिल्ली, 01 जनवरी [एजेंसी]।**

राष्ट्रीय राजधानी की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए वर्ष 2026 निर्णायक साबित होने जा रहा है। यह दिल्लीवासियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के लिहाज से एक नई उम्मीदें लेकर आ रहा है। सरकारी और निजी दोनों स्तरों पर चिकित्सा ढांचे का बड़ा विस्तार हो रहा है। दिल्ली में लंबे समय से चल रही अस्पताल परियोजनाएं, नए भवन और उन्नत चिकित्सा सुविधाएं इस वर्ष धरातल पर उतरती दिखेंगी। बड़े सरकारी अस्पतालों में सुपर-स्पेशियलिटी ब्लॉक, नई ओपीडी और क्रिटिकल केयर सुविधाओं के शुरू होने से मरीजों को लंबी कतारों और रेफरल की परेशानी से राहत मिलेगी।दिल्ली सरकार द्वारा 200 से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर और नए अस्पताल तेजी से तैयार किए जा रहे हैं। इससे हर क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच मजबूत होगी। मोहल्ला स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को नए स्वरूप में विकसित कर दवाइयों, जांच और परामर्श की सुविधाएं और सशक्त होंगी।डिजिटल हेल्थ सिस्टम, आधुनिक जांच उपकरण, उन्नत सर्जरी तकनीक और प्रशिक्षण सुविधाओं के विस्तार से इलाज ज्यादा तेज, सटीक और सुलभ होने की संभावना है। इससे ओपीडी, मुफ्त दवाइयां, डायग्नोस्टिक जांच तथा मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाएं लोगों को घर के पास ही मिल सकेंगी।एम्स और आरएमएल जैसे बड़े अस्पतालों में नई ओपीडी इमारतें, आधुनिक तकनीक से लैस आइसीयू और क्रिटिकल केयर ब्लाक विकसित हो रहे हैं। साथ ही नए अस्पतालों के निर्माण और निजी क्षेत्र में भी आधुनिक सुविधाओं के साथ टेक्नोलाजी-आधारित इलाज का विस्तार होने जा रहा है।कुल मिलाकर उम्मीद है कि 2026 में दिल्ली का स्वास्थ्य ढांचा सिर्फ विस्तार नहीं, बल्कि गुणवत्ता, पहुंच और भरोसे के नए मानक स्थापित करने की ओर बढ़ता दिखाई देगा।



## बॉक्स ऑफिस पर पठान के बाद धुरंधर की नजर आरआरआर के रिकॉर्ड के पर, पहुंची 750 करोड़ी क्लब के करीब

धुरंधर चौथे सप्ताह में प्रवेश कर गई है. शानदार वीकेंड के बाद चौथे सोमवार (29 दिसंबर) को कलेक्शन में गिरावट दर्ज किया गया. इसके बावजूद सिनेमाघरों में रणवीर सिंह का जादू जारी रहा. फिल्म ने भारत में 2025 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनकर इतिहास रच दिया है, जिसने छावा, कांतारा 2 और सैयारा जैसी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है.रणवीर सिंह अभिनीत फिल्म धुरंधर को पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है. ओपनिंग डे के बाद से फिल्म की रफ्तार धीमी होने का नाम ही नहीं ले रही है. फिल्म को रिलीज हुए 25 दिन हो गए हैं. 25वें दिन भी इसने डबल डिजिट में कमाई की है, जो वाकई कमाल है.धुरंधर के मेकर्स ने फिल्म के 25वें दिन के कलेक्शन रिपोर्ट जारी किया है. फिल्म ने अपने चौथे सोमवार को बॉक्स ऑफिस पर 11.20 करोड़ रुपये कमाए, जिससे 25 दिनों का कुल कलेक्शन 741.90 करोड़ रुपये हो गया है. रणवीर सिंह की स्पाई थ्रिलर फिल्म ना सिर्फ वर्ल्डवाइड लेवल पर धमाल मचा रही है. यह अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्मों की लिस्ट में ऊपर की ओर बढ़ती जा रही है. घरेलू बॉक्स ऑफिस पर इसे अभी आरआरआर (782.2 करोड़ रुपये), पुष्पा 2: द रूल (1234.1 करोड़ रुपये), केजीएफ: चैप्टर 2 (859.7 करोड़ रुपये), बाहुबली 2: द कन्क्लूजन (1,030.42 करोड़ रुपये) जैसी बड़ी फिल्मों को पीछे छोड़ना बाकी है. धुरंधर अब पैन इंडिया फिल्मों से मुकाबला कर रही है. फिल्म का अगला लक्ष्य आरआरआर को पछाड़ना है. सैकनिल्क के मुताबिक, एसएस राजामौली की निर्देशित और राम चरण और जूनियर एनटीआर अभिनीत आरआरआर ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 782.2 करोड़ रुपये कमाए थे. वहीं, धुरंधर ने वर्ल्डवाइड लेवल पर शाहरुख खान की फिल्म पठान (1048 करोड़ रुपये) का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है. रणवीर सिहं की फिल्म ने दुनियाभर में 1100.23 करोड़ रुपये का बिजनेस किया है. इसी के साथ दंगल (2000 करोड़ रुपये से ज्यादा) और जवान (1148 करोड़ रुपये) के बाद धुरंधर वर्ल्डवाइड सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तीसरी बॉलीवुड फिल्म बन गई है.

बॉक्स ऑफिस पर धुरंधर का मुकाबला नई फिल्मों से हो रही है. कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे स्टारर तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी और अवतार: ऐश एंड फायर जैसी नई फिल्मों के रिलीज होने के बावजूद, यह फिल्म सिनेमाघरों में मजबूती से टिकी हुई है.

# आंखों को आकर्षक बनाने के लिए आजमाएं ये 5 मेकअप ट्रिक्स



आंखें चेहरे की सबसे अहम विशेषताओं में से एक हैं और इन्हें सही ढंग से सजाने के लिए मेकअप भी अहम भूमिका निभाता है। हालांकि, अगर आप मेकअप में नई हैं तो आपके लिए यह समझना जरूरी है कि आंखों को कैसे सजाया जाए। आइए आज हम आपको कुछ ऐसी जरूरी बातें बताते हैं, जिनका ध्यान रखकर आप अपनी आंखों को आसानी से आकर्षक बना सकती हैं।

आंखों की क्रीम का करें इस्तेमाल

अगर आप अपनी आंखों को सही ढंग से सजाना चाहती हैं तो सबसे पहले आंखों की क्रीम का उपयोग करें। यह आंखों के आसपास की त्वचा को नमी देती है और मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखने में मदद करती है। इसके लिए सबसे पहले अपनी उंगलियों से हल्के हाथों से क्रीम को आंखों के नीचे और ऊपर लगाएं। इससे आपकी आंखें ताजगी भरी और चमकीली दिखेंगी, जिससे आपका पूरा लुक निखर उठेगा।

आईलाइनर लगाना सीखें

आईलाइनर आपकी आंखों को गहरा और निखारता है। अगर आप आईलाइनर लगाने में नई हैं तो पेंसिल आईलाइनर का उपयोग करें क्योंकि इसे लगाना आसान होता है। सबसे पहले आंखों की पलक पर हल्के हाथ से लाइन बनाएं, फिर उसे धीरे-धीरे फैलाएं ताकि एक समान दिखे। ध्यान रखें कि लाइन पतली हो ताकि आपकी आंखें बड़ी और खूबसूरत दिखें। अगर आप चाहें तो इसे थोड़ा धुंधला कर सकती हैं ताकि लुक और भी प्राकृतिक लगे।

मस्कारा लगाना न भूलें

मस्कारा आपकी पलकें लंबी और घनी दिखाने में मदद करता है। इसे लगाने के लिए सबसे पहले मस्कारा ब्रश को जड़ से लेकर सिरे तक हल्के हाथों से घुमाते हुए लगाएं। इससे आपकी पलकें घनी और लंबी दिखेंगी। अगर आप चाहें तो दूसरी परत भी लगा सकती हैं, लेकिन ध्यान रखें कि ज्यादा भारी न दिखे। इसके बाद नीचे की पलक पर भी हल्के हाथों से मस्कारा लगाएं ताकि आपका लुक पूरा और संतुलित लगे।

आईशैडो का सही चयन करें

आईशैडो आपकी आंखों को गहराई और आयाम देता है। शुरुआत करने वालों के लिए हल्के रंग जैसे बेज या भूरे सबसे अच्छे होते हैं क्योंकि ये हर त्वचा के रंग पर अच्छे लगते हैं और इसे मिलाना भी आसान होता है। आईशैडो को आंखों की पलक पर हल्के हाथों से लगाएं और इसे अच्छे से मिलाएं ताकि कोई सख्त रेखा न दिखे। इससे आपकी आंखें प्राकृतिक रूप से निखरेंगी और आपका लुक संतुलित रहेगा।

आइब्रो को ठीक से सेट करें

आंखों के मेकअप में आइब्रो भी अहम भूमिका निभाती हैं। अगर आपकी आइब्रो अच्छी तरह सेट होंगी तो आपकी आंखें बेहतर दिखेंगी। इसके लिए सबसे पहले अपनी आइब्रो की प्राकृतिक रेखा का पालन करें और हल्के हाथों से भौहों की पेंसिल या पाउडर लगाएं। इसके बाद एक ब्रश की मदद से इसे अच्छे से मिलाएं ताकि कोई सख्त रेखा न दिखे। इस तरह आप आसानी से अपनी आंखों को आकर्षक बना सकती हैं।



## एंड्रिया जेरेमिया ने पिसाची 2 में इरोटिक सीन्स की पुष्टि की, न्यूडिटी की अफवाहों पर सफाई दी

तमिल एक्ट्रेस और सिंगर एंड्रिया जेरेमिया ने मैस्किन द्वारा डायरेक्टेड अपकमिंग हॉरर फिल्म पिशाची 2 में न्यूड कंटेंट को लेकर चल रही अफवाहों पर बात की है। हाल ही में एक इंटरव्यू में, एंड्रिया ने साफ किया कि फिल्म में कोई न्यूडिटी नहीं है, लेकिन इसमें कई इरोटिक सीन ज़रूर हैं। उन्होंने बताया कि शुरुआत में न्यूडिटी स्क्रिप्ट का हिस्सा थी, लेकिन मैस्किन ने शूटिंग के दौरान उन हिस्सों को हटाने का फैसला किया।

एंड्रिया ने मिस्किन के विज़न और इरादों की तारीफ़ करते हुए कहा कि वह यह फ़िल्म सिर्फ़ गुज़ारा करने के लिए नहीं बना रहे हैं, क्योंकि उन्होंने पहले बड़े हीरो के साथ काम किया है। उन्होंने डायरेक्टर के फ़ैसलों पर भरोसा जताया, यहाँ तक कि जब उनसे भड़काऊ कंटेंट की मांग की गई, जैसे कि अपनी स्कर्ट नीचे करने के लिए कहा गया। इस फ़िल्म में टैलेंटेड कलाकार हैं, जिनमें मक्कल सेल्वन विजय सेतुपति कैमियो रोल में, पूर्णा और संतोष प्रताप अहम भूमिकाओं में शामिल हैं।

रॉकफोर्ट एंटरटेनमेंट के तहत टी मुरुगनंथम द्वारा प्रोड्यूस की गई पिशाची 2 को फाइनेंशियल दिक्कतों के कारण देरी का सामना करना पड़ा है। फिल्म का म्यूज़िक कार्तिक राजा ने कंपोज़ किया है, और टॉलीवुड प्रोड्यूसर दिल राजू ने तेलुगु राज्यों में इसके थिएट्रिकल राइट्स खरीद लिए हैं। अफवाहों के बावजूद, एंड्रिया इस प्रोजेक्ट को लेकर कॉन्फिडेंट हैं, और फैंस इसकी रिलीज़ का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं।

मिस्किन की पिशाची 2 अपने इरोटिक सीन्स और इंटेंस कहानी के मेल के साथ एक रोमांचक हॉरर अनुभव देने का वादा करती है। अपनी टैलेंटेड कास्ट और क्रू के साथ, फिल्म से एक अनोखा सिनेमैटिक अनुभव देने की उम्मीद है। जैसे-जैसे रिलीज़ डेट पास आ रही है, और भी अपडेट आने की उम्मीद है, जिससे फैंस उत्साहित और जुड़े रहेंगे।

# लिपस्टिक लगाते समय न करें ये 5 गलतियां, बिगड़ सकता है पूरा लुक



लिपस्टिक कई महिलाओं की सुंदरता का अहम हिस्सा है। हालांकि, लिपस्टिक लगाते समय कई महिलाएं कुछ ऐसी गलतियां कर बैठती हैं, जो उनके लुक को बिगाड़ सकती हैं। इन गलतियों के कारण लिपस्टिक शेड सही तरह से नहीं बैठता या फिर लंबे समय तक नहीं टिकता। आइए आज हम आपको कुछ ऐसी सामान्य गलतियों के बारे में बताते हैं, जिन्हें लिपस्टिक लगाते समय करने से बचना चाहिए ताकि आपका लुक हमेशा बेहतरीन रहे।

होंठों को साफ न करना

लिपस्टिक लगाने से पहले होंठों की सफाई करना बहुत जरूरी है। अगर आप यह कदम छोड़ देती हैं तो आपका लुक बिगड़ सकता है। सफाई से सूखी त्वचा हटती है, जिससे होंठ चिकने और मुलायम बनते हैं। इसके बाद लिपस्टिक शेड होंठों पर सही तरह से बैठता है और लंबे समय तक टिका रहता है। सफाई से लिपस्टिक का लुक भी बेहतर होता है और आपके होंठों की सुंदरता उभरकर आती है।

बेस न लगाना

बेस का उपयोग करने से आपकी लिपस्टिक लंबे समय तक टिकी रहती है। अगर आप बेस का उपयोग नहीं करती हैं तो आपकी लिपस्टिक जल्दी धुंधली हो सकती है और आपको बार-बार इसे ठीक करने की जरूरत पड़ सकती है। बेस लगाने से आपके होंठों की बनावट समान होती है और लिपस्टिक शेड सही तरह से बैठता है। इससे आपका लुक भी बेहतरीन दिखता है और लिपस्टिक लंबे समय तक टिकी रहती है।

सही शेड का चयन न करना

लिपस्टिक खरीदते समय सही शेड का चयन करना बहुत जरूरी है। कई महिलाएं दुकानदार की सलाह पर बिना सोचे-समझे कोई भी शेड चुन लेती हैं, जो उनके चेहरे पर अच्छा नहीं लगता। हमेशा अपनी त्वचा के रंग और चेहरे की बनावट को ध्यान में रखकर ही लिपस्टिक शेड चुनें। इससे आपका लुक बेहतरीन दिखेगा और आप हमेशा खूबसूरत लगेंगी। सही शेड चुनने से आपकी लिपस्टिक लंबे समय तक टिकी रहती है और आपका चेहरा निखरा हुआ दिखता है।

होंठों की सीमा का ध्यान न रखना

अगर आप चाहती हैं कि आपकी लिपस्टिक पूरे दिन सही रहे तो इसके लिए होंठों की सीमा का ध्यान जरूर रखें। यह आपकी लिपस्टिक को फैलने से रोकता है और आपके होंठों को एक साफ और सुंदर लुक देता है। इसके अलावा इससे आपकी लिपस्टिक लंबे समय तक टिकी रहती है और आपको बार-बार इसे ठीक करने की जरूरत नहीं पड़ती। इससे आपके होंठों की बनावट समान होती है और लिपस्टिक शेड सही तरह से बैठता है।

ज्यादा मात्रा में लिपस्टिक लगाना

ज्यादा मात्रा में लिपस्टिक लगाने से आपका लुक ज्यादा बनावटी लग सकता है इसलिए हमेशा थोड़ी मात्रा में ही लिपस्टिक लगाएं। इससे आपका लुक सुंदर और आकर्षक दिखेगा। लिपस्टिक लगाने के बाद अपने होंठों की बनावट को ध्यान में रखते हुए हल्का सा दबाएं ताकि अतिरिक्त तेल हट जाए और लिपस्टिक सेट हो जाए। इन छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर आप अपनी लिपस्टिक को बेहतरीन बना सकती हैं और हमेशा खूबसूरत दिख सकती हैं।



## रणवीर सिंह के पीछे हटते ही ऋतिक रोशन को मिली डॉन 3? बाहर आई ये जानकारी

फरहान अख्तर की फिल्म डॉन 3 ईद का चांद बन चुकी है जिसका इंतजार बढ़ता जा रहा है। धुरंधर की रिलीज के बाद उम्मीद थी कि रणवीर सिंह इसकी शूटिंग शुरू कर देंगे। हालांकि, लोगों की उम्मीदों को तोड़ते हुए उन्होंने डॉन 3 से किनारा कर लिया। उनके बाहर होने के बाद सोशल मीडिया पर चर्चा है कि डॉन का किरदार, ऋतिक रोशन निभा सकते हैं। जानिए क्या वाकई ऋतिक ने डॉन 3 के लिए हामी भर दी है।

डॉन 3 के निर्माता, ऋतिक को फ्रैंचाइजी का हिस्सा बनाने पर विचार कर रहे हैं। सूत्र ने कहा, रणवीर के जाने के बाद, ऋतिक इस भूमिका के लिए एक मजबूत दावेदार के रूप में सामने आए हैं। हालांकि बातचीत शुरुआती दौर में है, लेकिन देखना दिलचस्प होगा कि अभिनेता इस प्रोजेक्ट से जुड़ते हैं या नहीं।

## बॉलीवुड की ग्लैमर क्वीन और फिटनेस की प्रेरणा गुरलीन चोपड़ा, निभा रहीं डबल रोल

फिल्म इंडस्ट्री में कई ऐसे कलाकार हैं, जिन्होंने एक्टिंग के साथ ही अपनी फिटनेस और हेल्थ की दुनिया में भी कदम रखा है। ऐसी ही एक अभिनेत्री हैं गुरलीन चोपड़ा, जिनका नाम फिल्म इंडस्ट्री के साथ-साथ फिटनेस के क्षेत्र में भी जाना जाता है। गुरलीन की कहानी सिर्फ फिल्मों तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्होंने सही जीवनशैली और फिटनेस के महत्व पर भी जोर दिया है। गुरलीन चोपड़ा का जन्म पंजाब की राजधानी चंडीगढ़ में हुआ। उन्होंने मिस चंडीगढ़ का खिताब जीता। यह उनके लिए करियर की दिशा बदलने वाला पल साबित हुआ। दोस्तों के सुझाव की वजह से उन्होंने मॉडलिंग की दुनिया में कदम रखा। शुरुआत में उन्होंने कई म्यूजिक वीडियो और विज्ञापनों में काम किया, यहां से उन्हें फिल्म इंडस्ट्री तक पहुंचने का मौका मिला।

गुरलीन ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत हिंदी फिल्म इंडियन बाबू से की। इसके बाद उनकी अगली फिल्म कुछ तो गड़बड़ है आई, जिसमें उन्होंने एक अनाथ लड़की का किरदार निभाया। इस दौरान उन्होंने साउथ इंडस्ट्री में भी अपने पैर जमाए। तेलुगु फिल्म आयुधम उनके करियर की शुरुआती फिल्मों में शामिल है। इसके बाद उन्होंने



कन्नड़ और तमिल फिल्मों में भी अभिनय किया। कन्नड़ फिल्म मनमथा में उन्होंने दोहरी भूमिका निभाई, जिसे दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों ने बहुत सराहा।

गुरलीन का करियर सिर्फ फिल्मों तक ही सीमित नहीं रहा। उन्होंने अपनी फिटनेस और हेल्थ के प्रति लगाव को बिजनेस में बदल दिया। इसके तहत, उन्होंने लोगों को सही डाइट, योग और व्यायाम के जरिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी।

उन्होंने डायबिटीज, हार्मोनल अनबैलेंस और थॉयराइड जैसी समस्याओं में प्राकृतिक और हेल्दी उपाय अपनाने की प्रेरणा दी। गुरलीन ने दुनिया भर में लाखों लोगों को शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ बनाने में मदद की है।

गुरलीन ने अपने करियर में डबल रोल, एक्ट्रेस और फिटनेस कोच, की भूमिका निभाई, जो उन्हें बाकी कलाकारों से अलग बनाती है।

## सू- दोकू क्र.275

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र 274 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

## शब्द सामर्थ्य -275


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 274 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ड़ी | ■ | की | ■ | खा | सो | आ | म |
| बा | ■ | त | म | न्ना | ■ | ■ | जा | ■ |
| न | जा | क | त | ■ | बा | अ | द | ब |
| ल | ■ | ली | ■ | वि | ला | प | ■ | हा |
| ■ | अ | फ | सा | ना | ■ | मा | हि | र |
| दा | ब | ■ | ■ | श | गु | न | ■ | ■ |
| न | ■ | उ | प | का | र | ■ | शि | ■ |
| व | ■ | त्स | ■ | र | ■ | त | क | ला |
| ■ | सा | व | न | ■ | गु | रु | बा | र |

# क्षेत्रीय अस्पताल में 15 केएलडी अपशिष्ट उपचार संयंत्र का शुभारंभ

## पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बैकुंठपुर क्षेत्र की बड़ी पहल

**चरचा कालरी।** एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र अंतर्गत चरचा कालरी स्थित क्षेत्रीय अस्पताल में पर्यावरण संरक्षण को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। अस्पताल परिसर में 15 केएलडी (किलो लीटर प्रतिदिन) क्षमता वाले अपशिष्ट उपचार संयंत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि बी.एन. झा, मुख्य महाप्रबंधक, बैकुंठपुर क्षेत्र के कर-कमलों द्वारा किया गया।



इस अवसर पर डॉ. संजय सिंह (मुख्य चिकित्सा अधिकारी, क्षेत्रीय चिकित्सालय, डॉ. एस .मिंज उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी, राम सिंह मीणा स्टाफ ऑफिसर सिविल,सुरेश राम क्षेत्र प्रबंधक कटकोना,योगेंद्र राठिया स्टाफ ऑफिसर प्रोजेक्ट एंड प्लानिंग,भक्त बंधु दास स्टाफ ऑफिसर इलेक्ट्रिकल एंड मैकेनिकल, गौरव दुबे कार्मिक प्रबंधक, बैकुंठपुर क्षेत्र, डॉ साक्षी साहू डॉक्टर सुची ,ददन राम उप कार्मिक अधिकारी, चरचा माइन, हीरा सिंह, श्रीमती रामकली पाल पार्षद नगर पालिका शिवपुर चर्चा दीपा विश्वकर्मा मंडल अध्यक्ष शिवपुर चर्चा, काजल मोदी ,श्रम संघ प्रतिनिधि सुषील शर्मा, रियाज अहमद, अशोक निर्मलकर क्षेत्रीय चिकित्सालय के प्रभात शर्मा,अशफाक अंसारी सहित बैकुंठपुर क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारी, एरिया जेसीसी, यूनिट जेसीसी ,वेलफेयर बोर्ड के सदस्य उपस्थित रहे। गौरतलब है कि लगभग 50 वर्ष पूर्व स्थापित क्षेत्रीय चिकित्सालय, चरचा में पहली बार वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली शुरू की गई है। इस संयंत्र की कुल लागत लगभग 30 लाख रुपये बताई गई है। संयंत्र के संचालन से अस्पताल से निकलने वाले दूषित जल एवं अन्य अपशिष्ट का विभिन्न चरणों में उपचारकर पुन: उपयोग योग्य जल प्राप्त किया जाएगा, जिसका प्रयोग अस्पताल परिसर एवं आसपास के गार्डन व हरित क्षेत्रों में किया जाएगा। चर्चा क्षेत्र में खदान से प्रतिदिन निकलने वाले लगभग एक लाख लीटर दूषित पानी के उपचार हेतु एसिटिक वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट व नालियों से निकलने वाले दूषित जल के उपचार हेतु सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट भी संचालित है। मुख्य महाप्रबंधक बी.एन. झा ने इस अवसर पर कहा कि,यह अपशिष्ट उपचार संयंत्र न केवल जल प्रबंधन और जल संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाएगा। अस्पताल जैसे संवेदनशील संस्थान में इस प्रकार की व्यवस्था से स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण—तीनों को लाभ मिलेगा। संयंत्र से निकलने वाले ठोस अपशिष्ट का उपयोग खाद (कम्पोस्ट) के रूप में किया जाएगा। यदि जांच में किसी प्रकार की अनुपयोगिता पाई जाती है, तो उसे वैज्ञानिक विधि से गड्ढा बनाकर सुरक्षित रूप से निस्तारित किया जाएगा। निश्चित रूप से, एस ई सी एल बैकुंठपुर क्षेत्र द्वारा की गई यह पहल सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण और जिम्मेदार औद्योगिक संचालन का एक अनुकरणीय उदाहरण है, जो आने वाले समय में अन्य संस्थानों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी।

### मनेन्द्रगढ़ में बहरूपिया महोत्सव ने जीवंत की लोक संस्कृति

**एमसीबी।** नववर्ष की पूर्व संध्या पर मनेन्द्रगढ़ की फ़िज़ा रंग, रूप और रचनात्मकता से सराबोर नजर आई, जब नगर में परंपरागत बहरूपिया महोत्सव का भव्य आयोजन पूरे उत्साह, उल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। 31 दिसंबर की शाम आयोजित यह महोत्सव न केवल मनोरंजन का केंद्र रहा, बल्कि लोक कला, परंपरा और सामाजिक चेतना को सशक्त मंच प्रदान करने वाला एक महत्वपूर्ण आयोजन भी सिद्ध हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत होते ही जैसे ही बहरूपिया कलाकारों ने विभिन्न रूप-रंग और वेशभूषा धारण कर मंच पर प्रवेश किया, दर्शकों की उत्सुकता चरम पर पहुंच गई। मंच पर कहीं पौराणिक पात्रों की जीवंत झलक देखने को मिली, तो कहीं समसामयिक सामाजिक विषयों पर आधारित किरदारों ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। कलाकारों की सजीव अभिव्यक्ति, सटीक संवाद अदायगी और भावपूर्ण हाव-भाव ने दर्शकों को पूरे कार्यक्रम के दौरान बांधे रखा। बहरूपिया महोत्सव की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि इसमें बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों—तीनों वर्गों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।

### आपका एक वोट, देश का उज्ज्वल भविष्य- युवा आगे आएं, मतदाता बनें-कलेक्टर



**कोरिया बैकुंठपुर।** लोकतंत्र की ताकत युवा हैं और जब युवा जागरूक होकर मतदान करते हैं, तभी देश का भविष्य सशक्त बनता है। इसी भावना के साथ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिले के युवाओं से भावपूर्ण अपील की है कि जिनकी आयु 1 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है, वे मतदाता बनकर लोकतंत्र की मजबूती में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मतदाता बनना केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि अपने अधिकार, कर्तव्य और देश के प्रति जिम्मेदारी को स्वीकार करने का पहला कदम है। पहली बार मतदान करने का अवसर हर युवा के जीवन में गर्व का क्षण होता है, जो उसे एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में पहचान दिलाता है। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने बताया कि पात्र युवा फॉर्म-6 भरकर अपने नजदीकी स्कूल या बीएलओ के माध्यम से आसानी से मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। यह एक सुनहरा अवसर है, जिसे हाथ से जाने नहीं देना चाहिए। उन्होंने जिले के राजनीतिक दलों के के बीएलए (बूथ लेवल असिस्टेंट) से भी अपील की है कि युवाओं को जागरूक करने व फार्म 6 भरने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने जिले के युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वयं मतदाता बनें और अपने साथियों को भी इसके लिए प्रेरित करें, क्योंकि जागरूक युवा ही मजबूत लोकतंत्र की नींव होते हैं। उन्होंने कहा, आज लिया गया यह छोटा-सा निर्णय, कल देश की दिशा तय करेगा। जिले के सभी पात्र युवाओं से अपील है कि वे आगे आएं, मतदाता बनें और अपने एक वोट से लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करें।

### तालाबों के लिए 28.05 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की जल संपदा और ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण की दिशा में केंद्र सरकार ने एक मील का पत्थर स्थापित किया है। भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत बिलासपुर संसदीय क्षेत्र के 5 प्रमुख तालाबों के कायाकल्प के लिए 28.05 करोड़ की भारी-भरकम राशि को आधिकारिक मंजूरी प्रदान कर दी है।

## स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय गणित दिवस



**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी विनोद राय के निर्देशन एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी जितेन्द्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर के प्रायोजन एवं उत्प्रेरण में हमारे देश में जन्मे समस्त संसार के विख्यात गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की स्मृति में मनाया जाता है। राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि जागृत करने के उद्देश्य से किया जाता है ताकि हमारा समाज गणित विषय का अपने दैनिक जीवन के कार्यों में समन्वय स्थापित कर अपने जीवन को उन्नत बना सके कार्यक्रम का प्रारंभ विद्या दायिनी माता सरस्वती की पूजा कर की कार्यक्रम में उपस्थित आयोजक दल एवं निर्णायक दल के स्वागत अभिनंदन के पश्चात गणित विषय के विद्वान व्याख्याता वीरेन्द्र जायसवाल द्वारा दैनिक जीवन में गणित के महत्व और गणित विषय में स्मृति शेष श्रीनिवास रामानुजन के योगदान के बारे विस्तृत जानकारी प्रदान की इसके पश्चात जिले भर से उपस्थित विद्यार्थियों द्वारा निर्मित गणितीय मॉडल ,एवं गणितीय पोस्टरों का निरीक्षण परीक्षण किया गया दैनिक जीवन में गणित और श्रीनिवास रामानुजन का गणित के क्षेत्र में योगदान दो विषयों पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें पूर्व माध्यमिक विद्यालय से लेकर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तक के विद्यार्थियों ने अपने विचार सबके समक्ष रखे विद्यार्थियों के उत्साह एवं विषय की तैयारी को देख उपस्थित सम्पूर्ण जन समुदाय प्रफुल्लित हुआ। विभिन्न प्रतियोगिताओं में सम्मिलित सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं मैडल प्रदान कर पुरुस्कृत किया गया राष्ट्रीय गणित दिवस का कार्यक्रम में राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस कोरिया के जिला समन्वयक हरिकान्त अग्निहोत्री आयोजन मण्डल के सदस्य राजेश कुमार पाण्डेय, नारेन्द्र प्रसाद दुबे की देखरेख एवं समन्वय में सम्पन्न हुआ। जिसमें निर्णायक सुनील कुमार जायसवाल, मनोज कुमार पाण्डेय ,श्रीमती रेखा जायसवाल रहे मार्गदर्शक शिक्षकों में श्रीमती जिज्ञासा दुबे सुनील कुमार अमोद कुमार दुबे दीपा साहू शिवम कुमार परीक्षा गुप्ता मनोज कुमार पाण्डेय प्रिया द्विवेदी रमेश कुमार यादव मैना पैकरा अनामिका जायसवाल एम पी गुप्ता सुनील जायसवाल कोमल केशरी सौरभ चौबे गीता सिंह खिलेंद्र सिंह युजेन्द्र जायसवाल विवेक कुमार गुप्ता सहित जिले भर के शिक्षक एवं समुदाय के प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

### टोल फ्री नम्बर 18008917656 पर कॉल कर अपना ई -वेस्ट दे सकते हैं

**रायपुर।** रायपुर शहर से निकलने वाले इलेक्ट्रानिक वेस्ट को व्यवस्थित करने हेतु पब्लिक एरिया में स्मार्ट डस्टबिन रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा स्थापित किया गया है। परन्तु वर्तमान में उक्त स्मार्ट बिन मरम्मत कार्य नही होने के कारण कार्यरत नहीं है। नगर पालिक निगम, रायपुर क्षेत्र से निकलने वाले ई-वेस्ट को परिवहन कर प्रसंस्करण कार्य करने हेतु संस्था स्टॉर ई प्रोसेसर को अनापत्ति जारी किया गया है। तदानुसार संस्था स्टॉर ई प्रोसेसर द्वारा आम जनता से ई-वेस्ट संग्रहण हेतु टोल फ्री नम्बर 18008917656 जारी किया गया है। जिसमें काल कर आम जनता अपना ई- वेस्ट दे सकती है तथा इसके एवज में संस्था द्वारा ई-वेस्ट हेतु रेट लिस्ट अनुसार राशि का भुगतान भी किया जा रहा है। वर्तमान में संस्था स्टॉर ई प्रोसेसर द्वारा रायपुर नगर पालिक निगम रायपुर क्षेत्र से प्रतिदिन औसतन लगभग 1 टन ई-वेस्ट का परिवहन कर प्रसंस्करण कार्य किया जा रहा है।

## राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत शैक्षणिक भ्रमण सम्पन्न



**कोरिया बैकुंठपुर।** राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा। रायपुर द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी के आज कोरिया जिले के विज्ञान क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 100 छात्र-छात्राओं का संभाग स्तरीय शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया।

इस शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत विद्यार्थियों ने आकाशवाणी केंद्र, अंबिकापुर तथा कृषि विज्ञान केंद्र, अंबिकापुर का अवलोकन किया। आकाशवाणी केंद्र में विद्यार्थियों को प्रसारण प्रक्रिया, सूचना एवं मनोरंजन के सरल एवं प्रभावी माध्यम की जानकारी प्राप्त हुई। वहीं कृषि विज्ञान केंद्र में आधुनिक कृषि तकनीक, मौसम एवं बाजार आधारित सलाह, पशुपालन, बागवानी तथा नवीन वैज्ञानिक पद्धतियों के बारे में व्यावहारिक ज्ञान दिया गया। यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत रुचिकर एवं उनके भविष्य के करियर निर्माण में सहायक सिद्ध होगा।इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया विनोद कुमार राय, सहायक संचालक जितेन्द्र गुप्ता, जिला मिशन समन्वयक संजय सिंह एवं एपीसी ब्रिज राज गिरी द्वारा विद्यार्थियों को आवश्यक दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

### सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुलहक ने मनेंद्रगढ़ में पेयजल योजनाओं का किया निरीक्षण

**एमसीबी/ मनेंद्रगढ़।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुलहक ने जल जीवन मिशन के तहत मनेंद्रगढ़ विकासखंड की विभिन्न पेयजल योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जल आपूर्ति की प्रगति, गुणवत्ता और सतत संचालन का प्रत्यक्ष मूल्यांकन करना था। सचिव ने सबसे पहले ग्राम पंचायत पाराडोल का दौरा किया, जहां सोलर आधारित जल आपूर्ति योजना के माध्यम से घर-घर नियमित जल उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर जल की गुणवत्ता और समयबद्धता पर फीडबैक लिया। ग्रामीणों ने नियमित जलापूर्ति पर संतोष व्यक्त किया। सचिव ने नल जल मित्रों के प्रशिक्षण और उनकी सतत भूमिका सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इसके बाद उन्होंने ग्राम पंचायत सीरिया खोह में आरसीसी टंकी और सोलर योजना का निरीक्षण किया। सचिव ने जल भंडारण क्षमता, वितरण प्रणाली और तकनीकी गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए सुधारात्मक दिशा-निर्देश दिए। ठेकेदार और सब-इंजीनियर को सरपंच तथा सचिव के साथ निरंतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए। अंत में उन्होंने लाई समूह जल प्रदाय योजना के तहत स्थापित 2 एमएलडी क्षमता वाले जल शुद्धिकरण संयंत्र का निरीक्षण किया, जो 20 ग्रामों के 5222 घरेलू नल कनेक्शनों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जायेगा। सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाएं पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ संचालित हों, ताकि प्रत्येक ग्रामीण परिवार को पर्याप्त और सुरक्षित जल उपलब्ध हो।

### रेबीज संक्रमित बकरे की बलि : 400 ग्रामीणों ने प्रसाद में खाया मटन; अब हो रही है रेबीज फैलने की टेंशन

**अंबिकापुर।** शहर से लगे ग्राम सरगंवा में ऐसा हैरतअंगेज और चिंताजनक मामला सामने आया है, जिसने पूरे गांव में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है. गांव में निकासी पूजा के दौरान रेबीज संक्रमित कुत्ते द्वारा काटे गए बकरे की बलि देकर उसका मांस ग्रामीणों को प्रसाद के रूप में खिलाए जाने का मामला है. बताया जा रहा है कि इस बकरे का मांस करीब 400 ग्रामीणों ने सेवन किया है. घटना सामने आने के बाद ग्रामीणों में भय और आक्रोश दोनों देखने को मिल रहा है. घटना 28 दिसंबर की बताई जा रही है. निकासी पूजा में दी गई बलि, बाद में हुआ खुलासा जानकारी के अनुसार 28 दिसंबर को ग्राम सरगंवा में परंपरागत निकासी पूजा का आयोजन किया गया था. हर वर्ष की तरह इस बार भी पूजा के दौरान बकरे की बलि दी गई. ग्रामीणों का आरोप है कि जिस बकरे की बलि दी गई, उसे कुछ दिन पहले एक रेबीज संक्रमित कुत्ते ने काट लिया था. इसके बावजूद गांव के सरपंच नारायण प्रसाद और उपसरपंच कृष्णा सिंह द्वारा उसी बकरे को पूजा में बलि के लिए उपयोग किया गया. लगभग 400 ग्रामीणों ने किया मांस का सेवन गांव की परंपरा के अनुसार निकासी पूजा में बलि दिए गए पशु का मांस पुरुष वर्ग द्वारा प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता है. इस बार भी ऐसा ही हुआ और करीब 400 ग्रामीणों ने बकरे का मांस खाया. बाद में जब ग्रामीणों को पता चला कि बकरे को रेबीज संक्रमित कुत्ते ने काटा था, तो गांव में हड़कंप मच गया. अब ग्रामीण इसे लेकर रेबीज का इंजेक्शन लगवाने की तैयारी में जुटे हुए हैं. सरपंच-उपसरपंच पर गंभीर आरोप ग्रामीणों का कहना है कि सरपंच नारायण प्रसाद और उपसरपंच कृष्णा सिंह ने गांव के ही नान्हू रजवाड़े नामक ग्रामीण से यह बकरा खरीदा था. आरोप है कि बकरे की स्थिति की जानकारी होने के बावजूद इसे बलि के लिए उपयोग किया गया. हालांकि इस पूरे मामले पर सरपंच और उपसरपंच कुछ भी कहने से बचते नजर आ रहे हैं. वहीं दूसरी ओर ग्रामीण इस पुरे मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराने की बात कह रहे हैं. ग्रामीणों में डर, स्वास्थ्य शिविर की मांग घटना के बाद गांव के लोगों में रेबीज संक्रमण को लेकर भारी डर का माहौल है. ग्रामीणों का कहना है कि वे मानसिक रूप से बेहद परेशान हैं और किसी भी संभावित खतरे से बचने के लिए गांव में तत्काल स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाए. ग्रामीणों की मांग को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## क्षेत्रीय चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सिंह को दी गई भावभीनी विदाई

**कोरिया चरचा कालरी।** एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र अंतर्गत क्षेत्रीय चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार सिंह के सेवानिवृत्त होने पर क्षेत्रीय कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में राम सिंह मीणा स्टाफ ऑफिसर सिविल ,सुरेश राम सह क्षेत्र प्रबंधक काटकोना कालरी ,योगेंद्र रतिया स्टाफ ऑफिसर प्रोजेक्ट एंड प्लैनिंग, भक्त बंधु दास स्टाफ ऑफिसर इलेक्ट्रिकल एंड मैकेनिकल ,गौरव दुबे कार्मिक प्रबंधक बैकुंठपुर क्षेत्र ,डॉक्टर एस मींज उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी रियाज अहमद प्रभात शर्मा ,अशफाक अंसारी ,महेश यादव, दीपा विश्वकर्मा मंडल अध्यक्ष शिवपुर चर्चा ,श्रीमती रामकली पाल पार्षद नगर पालिका शिवपुर चर्चा सहित क्षेत्रीय चिकित्सालय चर्चा के चिकित्सा कर्मचारी ,एरिया जेसीसी सदस्य ,यूनिट जेसीसी सदस्य वेलफेयर बोर्ड के सदस्यउपस्थित रहे।



इस अवसर पर बैकुंठपुर क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक बी.एन. झा, ने डॉ. संजय कुमार सिंह को मिठाई खिलाकर, पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके स्वस्थ, सुखद एवं सक्रिय भविष्य की शुभकामनाएँ दी अपने संबोधन में मुख्य महाप्रबंधक बी.एन. झा ने कहा कि डॉ. संजय कुमार सिंह न केवल एक कुशल और अनुभवी चिकित्सक रहे हैं, बल्कि एक अत्यंत संवेदनशील, सरल और लोकप्रिया व्यक्तित्व के धनी भी हैं। उनका सौम्य व्यवहार ही मरीजों के लिए आधा उपचार सिद्ध होता था। उन्होंने अपने पूरे कार्यकाल में मरीजों की सेवा को ही सर्वोच्च प्राथमिकता दी।ऐसे चिकित्सक का मार्गदर्शन भले ही औपचारिक रूप से समाप्त हो रहा हो, लेकिन उनका अनुभव और मार्गदर्शन भविष्य में भी इस चिकित्सालय को मिलता रहेगा। उल्लेखनीय है कि डॉ. संजय कुमार सिंह ने वर्ष 1998 में क्षेत्रीय चिकित्सालय, चर्चा से अपनी सेवा की शुरुआत की थी। उस समय वे शिशु रोग विशेषज्ञके रूप में कार्यरत थे। बैकुंठपुर जिला गठन से पूर्व पूरे क्षेत्र से लोग अपने बच्चों के उपचार के लिए डॉ. सिंह के पास आया करते थे। उन्होंने कभी भी किसी मरीज को निराश नहीं किया और यथासंभव सभी को उपचार एवं सहयोग प्रदान किया।लगभग 27 वर्षों की दीर्घ, समर्पित और निष्कलंक सेवा के पश्चात जिस चिकित्सालय से उन्होंने अपने करियर की शुरुआत की, उसी चिकित्सालय से मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पद पर सेवानिवृत्त होना क्षेत्र के लिए एक अविस्मरणीय उपलब्धि मानी जा रही है।

विदाई समारोह में डॉ. संजय कुमार सिंह ने उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे अपने सेवा काल में सभी का भरपूर सहयोग, स्नेह और सम्मान मिला। यह मेरे लिए गर्व का विषय है कि मैंने अपना अधिकांश कार्यकाल इसी क्षेत्र में जनसेवा के लिए समर्पित किया।उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में भी क्षेत्रीय चिकित्सालय और अधिक सुदृढ़ होकर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करता रहेगा। समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ और डॉ. संजय कुमार सिंह के योगदान को सभी ने मुक्त कंठ से सराहा।

### सत्ता और संगठन के तालमेल से बदला जिला भाजपा का भूगोल; नगरीय निकाय से लेकर पंचायत चुनाव तक 'कमल' की धूम

**एमसीबी/मनेंद्रगढ़।** कहावत है कि कुशल नेतृत्व वही है जो विपरीत परिस्थितियों को भी अवसर में बदल दे। साल 2025 मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के भाजपा संगठन के लिए उपलब्धियों का स्वर्ण वर्ष साबित हुआ है। जनवरी 2025 में जब पूर्व संसदीय सचिव चंपा देवी पावले ने भाजपा जिलाध्यक्ष की कमान संभाली, तब से लेकर अब तक संगठन ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल के साथ उनके बेहतर तालमेल ने जिले में सत्ता और संगठन को एक नई ऊंचाई प्रदान की है। नगरीय निकाय: हार को जीत में बदलने की 'मास्टर स्ट्रोक' रणनीति फरवरी में कमान संभालने के तुरंत बाद चंपा देवी पावले के सामने नगरीय निकाय चुनावों की बड़ी चुनौती थी। भाजपा ने जिले की 6 में से 4 नगरीय निकायों पर अपना कब्जा जमाकर अपनी ताकत का अहसास कराया। हालांकि, झगराखांड नगर पंचायत में भाजपा प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा और वहां कांग्रेस का अध्यक्ष चुना गया, लेकिन यहीं से भाजपा का असली 'रणकौशल' दिखा। स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल और जिलाध्यक्ष चंपा देवी पावले की जुगलबंदी ने ऐसी बिसात बिछाई कि प्रदेश अध्यक्ष किरण देव की मौजूदगी में नवनिर्वाचित कांग्रेस अध्यक्ष ने खुद भाजपा का दामन थाम लिया। इस 'मास्टर स्ट्रोक' ने कांग्रेस के खेमे में हलचल मचा दी और झगराखांड में भी अप्रत्यक्ष रूप से भाजपा का परचम लहरा गया। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव: ग्रामीण क्षेत्रों में 'क्लीन स्वीप' भाजपा की जीत का सिलसिला यहीं नहीं थमा। त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में भाजपा ने अपना दबदबा बरकरार रखते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी के साथ-साथ जिले की सभी जनपद पंचायतों में भाजपा के अध्यक्ष बिठाकर 'क्लीन स्वीप' किया। कार्यकर्ताओं की सक्रियता और नेतृत्व की स्पष्ट नीति ने भाजपा को गांव-गांव तक मजबूत कर दिया। नवीन भवन: संगठन को मिली अपनी स्थाई 'छांव' साल 2025 केवल चुनावी जीत के लिए ही नहीं, बल्कि आधारभूत ढांचे की मजबूती के लिए भी याद किया जाएगा।

### भोरमदेव कॉरिडोर विकास परियोजना के लिए 146 करोड़ की सौगात

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध धार्मिक एवं ऐतिहासिक पर्यटन स्थल भोरमदेव के लिए नया वर्ष 2026 एक ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ प्रारंभ होने जा रहा है। लगभग 146 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाली 'भोरमदेव कॉरिडोर विकास परियोजना' का भूमिपूजन 01 जनवरी को संपन्न होगा।

### अवैध मदिरा और 1 वाहन जप्त कर 2 आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग।** बकारी आयुक्त आर. संगीता के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर दुर्ग अभिजीत सिंह के दिशा-निर्देशानुसार व सहायक आयुक्त आबकारी सी.आर. साहू के मार्गदर्शन में 31 दिसम्?बर 2025 को गस्त के दौरान आबकारी विभाग जिला दुर्ग वृत-भिलाई क्रमांक-02 के द्वारा अवैध शराब के परिवहन की सूचना मिलने पर त्वरित विधिवत कार्यवाही कर आरोपी गीतेश कुमार देशलहरे स्थान यादव मोहल्ला बोरसी भाटा के कब्जे से मध्य प्रदेश राज्य में विक्रय हेतु अधिकृत 12 नग प्लास्टिक बोतल बॉम्बे स्पेशल व्हिस्की (750 एम.एल.) एवं आरोपी एवं एवन निषाद, पिता त्रिभुवन निषाद उम्र 27 वर्ष ग्राम ननकट्टी के कब्जे से 50 नग पाव देशी मदिरा शोले मसाला कुल मात्रा 18 बल्क लीटर जिसका बाजार मूल्य 10760 रूपये है।

## नगर पालिका अध्यक्ष जायसवाल का विकास मॉडल

**चरचा कालरी।** वर्ष 2025 नगर पालिका शिवपुर-चर्चा के लिए विकास का स्वर्णिम काल बनकर उभरा है। नगर पालिका अध्यक्ष अरुण जायसवाल के कुशल, दूरदर्शी और जनहितकारी नेतृत्व में पालिका क्षेत्र में ऐसे अनेक महत्वपूर्ण विकास कार्य पूर्ण हुए हैं, जो वर्षों से लंबित थे और जिनकी नगरवासियों को लंबे समय से प्रतीक्षा थी।




अध्यक्ष अरुण जायसवाल के कार्यकाल की सबसे बड़ी और ऐतिहासिक उपलब्धि बहुप्रतीक्षित सूर्य मंदिर का शुभारंभ है, जिसने न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ किया, बल्कि नगर की सांस्कृतिक पहचान को भी नई ऊंचाई दी। इसके साथ ही शव वाहन की उपलब्धता एवं आपात परिस्थितियों हेतु मर्चुरी की सुविधा जैसे मानवीय और संवेदनशील निर्णयों ने आमजन के विश्वास को और मजबूत किया है। शिवपुर चरचा क्षेत्र में 35 लाख रुपये की लागत से अटल परिसर का निर्माण, कुमार गार्डन का सौंदर्यीकरण, तथा सामाजिक भवनों में शेड निर्माण, प्रत्येक वार्ड में सीसी रोड निर्माण, नाली निर्माण जैसे कार्यों ने शहरी अधोसंरचना को सशक्त बनाया है। इन कार्यों से सामाजिक गतिविधियों को नया आयाम मिला है।ग्रामीण क्षेत्र के समग्र विकास पर विशेष ध्यान देते हुए ग्रामीण बाहुल्य वार्ड क्रमांक 1में लगभग 80लाख रुपये की लागत से स्ट्रीट लाइट स्थापना कराई गई, जिससे पूरा क्षेत्र शहरी रोशनी से जगमगा उठा। यह कदम ग्रामीण-शहरी समानता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।विकास की दृष्टि से वार्ड क्रमांक 1 में लगभग 8 करोड़ रुपये की बहुआयामी योजनाएं प्रस्तावित एवं स्वीकृत की गई हैं, जिनमें—2 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक शादी घर का निर्माण,3.5 करोड़ रुपये की लागत से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट,2 करोड़ रुपये की लागत से ओवरहेड टैंक निर्माण एवं पाइप लाइन विस्तार कर कार्य जैसे जनसुविधा आधारित कार्य शामिल हैं। यह दर्शाता है कि नगर पालिका योजनाबद्ध और संतुलित विकास की दिशा में तेजी से अग्रसर है। नगर के प्रमुख मार्गों को भी आधुनिक स्वरूप दिया गया है। चर्चा कालरी बस स्टैंड से फुलपुर बॉर्डर तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रकाश व्यवस्था तथा चर्चा थाना भवन से पटेल पारा तक सुदृढ़ रोशनी ने नगर की सुरक्षा, सौंदर्य और यातायात सुविधा को बेहतर बनाया है। इसके अतिरिक्त, लगभग 3 करोड़ रुपये के मूलभूत विकास कार्यों की स्वीकृति प्राप्त होना इस बात का प्रमाण है कि राज्य एवं केंद्र सरकार के सहयोग से नगर को निरंतर विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1 में 20 बिस्तर स्वास्थ्य केंद् भी निर्माणाधीन है और शीघ्र ही प्रारंभ हो जाएगी जिससे क्षेत्र वासियों को सहज रूप में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो जाएगी, चरचा माइन आर ओ के मेहनतकश श्रमिकों को समर्पित करने हेतु श्रमिक चौक का निर्माण भी चल रहा है फरवरी 2026 तक श्रमिक चौक का भी लोकार्पण हो जाएगा।

कम समय में इतने व्यापक और ठोस विकास कार्य कराना अध्यक्ष अरुण जायसवाल की सक्रिय कार्यशैली, प्रशासनिक दक्षता और विकास के प्रति प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। उनके नेतृत्व में शिवपुर-चर्चा आज आधुनिक, सुव्यवस्थित और नागरिक-केंद्रित नगर के रूप में निरंतर आगे बढ़ रहा है।नगरवासियों को विश्वास है कि आने वाले समय में भी इसी ऊर्जा और संकल्प के साथ शिवपुर-चर्चा विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा।

अमरैया बायपास और शारदा विहार के कई हिस्से में ऐसे नजारे, क्वालिटी पर सवाल

# पाताल का रूख करने की तैयारी में सड़क चौड़ीकरण के पेवर ब्लॉक

-तरूण मिश्रा-

**कोरबा।** शहर को हर हाल में नया लुक देने और तमाम तरह की समस्याओं को दूर करने की प्लानिंग नगर निगम की है। इस तरफ काम किए जा रहे हैं। भारी-भरकम खर्च करने में किसी प्रकार की न तो रोक है न कोई समस्या। अमरैया बायपास में चौड़ीकरण का काम इसी तर्ज पर चल रहा है। स्थिति यह है कि पेवर ब्लॉक के साथ किया गया चौड़ीकरण कई जगह रसातल की तरफ जा रहा है। ऐसे में कामकाज की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

खबर के अनुसार वार्ड क्रमांक-14 के अंतर्गत इस काम को स्वीकृत किया गया और मिट्टी कटिंग सहित रेत बिछाने से लेकर पेवर ब्लॉक की फीटिंग में कुल एक करोड़ 10 लाख रुपए खर्च किए जाने हैं। नगर निगम ने इस काम को ठेके पर दे रखा है। महीने भर पहले इस काम की शुरुआत की गई। अलग-अलग हिस्सों में काम को किया जाना है। शारदा विहार मुख्य मार्ग से कनेक्ट होने वाले अमरैया बायपास में गोकुल डेयरी के सामने 100 मीटर के हिस्से में सड़क चौड़ीकरण के लिए लगाए गए पेवर ब्लॉक लगातार धंस रहे हैं। हाल ऐसा हो गया है जैसे शहर की कई सड़कों पर गड्ढे।

यही हाल मुख्य मार्ग में कराए गए चौड़ीकरण को लेकर है। वहां भी ओम मेडिकोज और इसके आसपास इस तरह की स्थिति बनी। आसपास के लोगों ने कामकाज के तरीके पर आपत्ति दर्ज कराई तो इसे मजबूरी में ठीक कराना पड़ा। जबकि जिन इलाकों में लोगों ने कामकाज को उसका भाग्य मान लिया, वहां कोई परिवर्तन नहीं हो सका है और न ही करने की आवश्यकता समझी गई है। ये बात अलग है कि निगम की बार-बार होने वाली समीक्षा बैठकों में इस बात पर जोर दिया जाता है कि कामकाज की क्वालिटी में मनमानी बर्दाश्त नहीं होगी। अगर ऐसा है तो फिर घटिया काम कैसे चल रहे हैं।



*अमरैया बायपास में सड़क चौड़ीकरण के लिए कराए गए कार्य की ये है जमीनी हकीकत।*

### नहीं हटी बेजा कब्जा की तस्वीर

मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण करने के पीछे नगर निगम की मानसिकता यह रही कि ऐसा होने से आवागमन में मुश्किल नहीं होगी और यहां-वहां गाड़ियां पार्क करने की झंझट से छुटकारा मिलेगा। अमरैयापारा बायपास में पेवर ब्लॉक के साथ चौड़ीकरण कराया गया है, इसके बाद भी मौके पर स्थिति यथावत है। चौड़ीकरण के नए हिस्से में लोगों के अपने सामान मौजूद हैं, ऐसे में इस काम का औचित्य सार्थक नहीं हो रहा है।

### गुणवत्ता पर ध्यान देना जरूरी

अमरैयापारा क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण को लेकर आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इस दिशा में काम शुरु हुआ। कामकाज बेहतर हो इसके लिए जरूरी है कि अधिकारी समय-समय पर मॉनिटरिंग करें और गुणवत्ता पर ध्यान दें। जहां कहीं जिन कारणों से भी पेवर ब्लॉक धंसे हुए हैं, उन सभी को नवीनीकृत किया जाना चाहिए।

**-टीकम राठौर, पूर्व पार्षद**

## एनएच-130 से कुछ दूर वनभूमि पर सरकारी कर्मी का अतिक्रमण



**कोरबा।** जिले में सरकारी जमीन पर खतरे बरकरार हैं। मौका मिलते ही इन पर अवैध कब्जा करने के लिए हर कोई उतावला नजर आ रहा है। कटघोरा क्षेत्र के अंतर्गत रामपुर (खुटरीगढ़) के नेशनल हाईवे-130 के बायपास मार्ग पर स्थित शासकीय वनभूमि पर अवैध कब्जा की जमकर चर्चा है। सबसे खास बात यह है कि यह जमीन वन विभाग की है और इसी विभाग के एक कर्मी ने बेजा कब्जा करने में रूचि ली है।

सूत्रों ने बताया कि जिसकी ओर से नियम कायदों की धज्जी उड़ाने के साथ फारेस्ट के अलावा सरकार को चुनौती देने का काम किया गया, वह व्यक्ति कोई और नहीं बल्कि कटघोरा वनमंडल के अंतर्गत डिप्टी रेंजर हैं। नेशनल हाईवे के बायपास के नजदीक खुटरीगढ़ में इस कर्मी ने अपने ही विभाग की जमीन को खाली पड़ा देखा और इसे अपनी संपत्ति समझकर निर्माण शुरू कर दिया।

रामपुर पंचायत के सरपंच प्रदीप सिंह से बात की गई तो उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम से अनभिज्ञता जताई। सरपंच ने कहा मुझे इस तरह के किसी कार्य की जानकारी नहीं है। यदि ऐसा कोई अतिक्रमण हुआ है तो यह पूर्णत: गलत है। शासकीय भूमि पर कब्जा करने से पहले पंचायत को जानकारी देना अनिवार्य है। कटघोरा डीएफओ कुमार निशांत को इस बारे में तरुण छत्तीसगढ़ ने अवगत कराने के साथ प्राथमिक जानकारी उपलब्ध कराई है।

### विभाग की चुप्पी सवालों के घेरे में

यह पहली बार नहीं है जब इस इलाके में वनभूमि पर अवैध कब्जे के मामले सामने आए हों। लेकिन विभाग द्वारा लगातार चुप्पी साधे रखने और किसी भी तरह की औपचारिक कार्रवाई न किए जाने से लोग खुलकर अतिक्रमण करने से नहीं झिझक रहे। स्थानीय निवासियों का कहना है कि क्षेत्र में कई स्थानों पर इस तरह के अवैध कब्जे मौजूद हैं, लेकिन वन विभाग की निष्क्रियता और उदासीन रवैये के कारण अतिक्रमणकारियों का मनोबल बढ़ा हुआ है।

## कार्यकर्ताओं की चौहान लेंगे बैठक

**कोरबा।** ग्रामीण कांग्रेस के जिलए ध्यक्ष मनोज चौहान आज कटघोरा ग्रामीण ब्लाक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं की बैठक लेगें। मड़वाढोहा में कार्यकर्ताओं को बुलाया गया है। जिसमें संगठन को लेकर चर्चा की जाएगी। क्षेत्र की समस्याओं पर भी चर्चा होगी। बैठक में गोरे लाल यादव,राजेश मानिकपुरी, यशपाल कंवर कृष्णा दास, प्रदीप अग्रवाल, संजय आजाद, अजय प्रसाद मौजूद रहेगें।

## 21वीं सदी के सामाजिक परिदृष्य पर डॉ. विमला ने लिखी पुस्तक, हुआ विमोचन



**कोरबा।** कमला नेहरू महाविद्यालय कोरबा में एमएसडब्ल्यू की विभागाध्यक्ष एवं समाजशास्त्र की सहायक प्राध्यापक डॉ विमला सिंह द्वारा संपादित 21 वीं सदी का सामाजिक परिदृश्य नामक पुस्तक का विमोचन किया गया। इस विषय पर सैद्धांतिक और व्यावहारिक चिंतन करते हुए लिखी गई पुस्तक में डॉ विमला सिंह, शिक्षा संकाय की विभागाध्यक्ष डॉ भारती कुलदीप, सहायक प्राध्यापक डॉ रश्मि शुक्ला, डॉ स्वप्निल जायसवाल, विकास पाण्डेय ने सहभागिता देते हुए ज्वलंत लेख लिखे हैं। बुधवार को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर ने टीम की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी लेखकों को उज्ज्वल भविष्य शुभकामनाएं प्रदान की। उन्होंने कहा कि शिक्षा में नित नए ज्ञान की खोज और नए विचारों की अभिव्यक्ति आवश्यक है। इस पुस्तक में प्राध्यापकों एवं शिक्षाविदों के अनुभवों का समाजशास्त्रीय निचोड़ विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करेगा। पुस्तक की संपादक डॉ विमला सिंह ने कहा कि सामाजिक चुनौतियों, मानसिक कठिनाइयों का समाधान ढूंढने का प्रयास करते हुए जिन मुद्दों पर केंद्रित कर लेख शामिल किए गए हैं, वे निश्चित रूप से समाज के विकास में पथप्रदर्शक की भूमिका निभाएगा। कमला नेहरू महाविद्यालय समिति के अध्यक्ष किशोर शर्मा, उपाध्यक्ष डॉ आरसी पांडेय, सचिव सुरेन्द्र लाम्बा एवं सहसचिव उमेश लम्बा ने सभी लेखकों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## शव वाहन देने पर चर्चा

**कोरबा।** एसईसीएल प्रबंधन और एसईकेएमसी के मध्य बिलासपुर में आईआर की वार्ता आयोजित की गई है। जिसमें कुसमुंडा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने शव वाहन देने की मांग करते हुए कहा कि अचानक किसी कामगार के मौत होने पर शव को मुक्तिधाम तक ले जाने के लिए ट्रको की मांग करनी पड़ती है। कई बार शव को गांव ले जाने पड़ते है। ऐसी दशा में वाहन की आवश्यकता पड़ती है। प्रबंधन के द्वारा वाहन भेजते समय काफी देरी हो जाती है। देरी के चलते लोग परेशान हो जाते है। केन्द्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह, दिलीप सिंह, दिनेश साहू, विकास शुक्ला, सतीश सिंह, एनकेसिंह,ने अपनी मांग में कहा कि केडर स्कीम के तहत कोयला कामगारों को पदोन्नत किया जाए। इसी तरह अन्य समस्याओं को भी प्रबंधन के सामने रखा गया। इस आशयकी जानकारी देते हुए केन्द्रीय उपाध्यक्ष संदीप चौधरी ने बताया कि इस बैठक में सभी एरिया से पदाधिकारी आए थे। जिन्होंने समस्याओं को प्रबंधन के सामने रखा ।

*कोरबा। ट्रांसपोर्ट नगर गुरुद्वारा में आज सुबह गुरुवाणी शबद्-कीर्तन और अरदास ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। वर्ष 2026 की शुभ शुरुआत के लिए स्थानीय समिति ने कार्यक्रम किया।

## नशाखोरी के खिलाफ महिलाएं हुईं सख्त महुआ शराब व भट्ठी का किया नष्ट

**कोरबा।** नए साल के अवसर पर सतरेंगा में पर्यटकों की संख्या तेजी से बढ़ गई है। पर्यटकों की भीड़ के साथ ही क्षेत्र में अवैध महुआ शराब की उपलब्धता भी सामने आ रही है। जबकि सतरेंगा में पर्यटन की शुरुआत के बाद शराबखोरी से उत्पन्न अशांति को देखते हुए ग्रामीणों ने पहले ही नशाबंदी लागू कर रखी है।

इसके बावजूद कुछ लोग गांव के आसपास जंगल और पहाड़ी क्षेत्रों में छिपकर महुआ शराब का निर्माण और बिक्री कर रहे थे। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए सतरेंगा की महिला समिति ने गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अवैध शराब के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। बुधवार को महिला समिति की महिलाएं गांव के प्रमुखजनों के साथ आसपास के जंगल और पहाड़ी क्षेत्रों में पहुंचीं। हाथों में डंडे लिए महिलाओं को देखकर महुआ शराब बनाने में जुटे लोग मौके से फरार हो गए। इसके बाद महिला समिति ने जंगल में छिपाकर रखी गई भट्टियों और तैयार की जा रही महुआ शराब को खोज-खोजकर नष्ट किया। महिलाओं ने भट्टी में चढ़ी महुआ शराब को भी मौके पर ही नष्ट कर दिया। महिला समिति का कहना है कि सतरेंगा एक प्रमुख पर्यटन स्थल बनता जा रहा है और यहां शराबखोरी के कारण किसी भी तरह की अशांति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि नशाबंदी का सख्ती से पालन कराया जाएगा।

# जिले में सक्रिय हैं 53 हाथी



**कोरबा।** जिले के कटघोरा एवं कोरबा वनमंडल में वर्तमान में 53 की संख्या में हाथी सक्रिय हैं, जिनमें से 49 हाथी कटघोरा के जटगा रेंज अंतर्गत मुकवा क्षेत्र के पहाड़ में तथा दो हाथी इसी डिविजन के एतमानगर रेंज के बालापचरा में विचरण कर रहे हैं जबकि एक-एक लोनर हाथी कोरबा वनमंडल के कुदमुरा तथा करतला रेंज के चिकनीपाली जंगल में है। हाथियों का दल जंगल ही जंगल विचरण कर रहा है। इसलिए कोई बड़ा नुकसान नहीं हो रहा है। वहीं वन विभाग का निगरानी दल भी हाथियों को लेकर मुस्तैद है और उसकी गहन निगरानी में लगा हुआ है। हाथियों के आबादी वाले क्षेत्र में पहुंचने की सूचना अथवा लोकेशन जैसे ही मिलता है, वन अमला तत्काल मौके पर पहुंचकर हाथियों को खदेड़ने के साथ जंगल की ओर वापस लौटा देता है। इससे पहले हाथियों ने उत्पात मचाकर ग्रामीणों के साथ-साथ वन विभाग की नाक में दम कर रखा था। हाथियों का दल प्रतिदिन खेतों तथा बाड़ी में पहुंचकर वहां लगे फसलों को नुकसान पहुंचा रहा था जिससे क्षेत्रवासी काफी परेशान थे।

## आस्था स्थलों पर मत्था टेक लोगों ने नए वर्ष की शुरुआत की

**कोरबा।** अंग्रेजी नववर्ष 2026 की शुरुआत कोरबा जिले में आस्था, शांति और उल्लास के वातावरण में हुई। नए साल के पहले दिन लोगों ने अपने-अपने विश्वास और परंपराओं के अनुसार नववर्ष का स्वागत किया। सुबह होते ही धार्मिक स्थलों में दर्शन-पूजन और प्रार्थना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कोरबा शहर के साथ-साथ उपनगरीय क्षेत्रों में भी 1 जनवरी की सुबह इसी तरह की तस्वीर देखने को मिली। मंदिरों में घंटियों की गूंज सुनाई दी तो गुरुद्वारों में अरदास हुई। मस्जिदों में विशेष दुआएं मांगी गईं वहीं गिरजाघरों में प्रभु यीशु से नए वर्ष को सुख-शांति और समृद्धि से भरपूर रखने की प्रार्थना की गई। हर समुदाय के लोगों ने आने वाले वर्ष के सभी दिन अच्छे से गुजरें, इसके लिए ईश्वर से कामना की। नववर्ष की पूर्व संध्या पर भी शहर और कशबाई क्षेत्र में उत्सव का माहौल रहा। नागरिक संगठनों और विभिन्न सामाजिक समूहों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वर्ष 2025 की विदाई और 2026 के स्वागत के लिए लोगों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। कहीं संगीत और रोशनी से माहौल जगमगाया तो कहीं सादगी के साथ नए साल का स्वागत किया गया।

# सद्भाव है बड़ी आवश्यकता : श्रेष्ठ सिंह

### गोढ़ी में मनाई गई गुरु घासीदास जयंती



**कोरबा।** गौमुखी सेवाधाम के संस्थापक अध्यक्ष और सामाजिक कार्यकर्ता ठा. श्रेष्ठ सिंह ने कहा है कि सद्भाव और मानवता आज की बड़ी आवश्यकता है। इस पर काम होना चाहिए। वे गोढ़ी में आयोजित तीन दिवसीय बाबा गुरु घासीदास महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

सरपंच झूलकुंवर राजे विशिष्ट अतिथि थीं। मुख्य अतिथि ने कहा कि महापुरुषों से हर समाज को सीखने की जरूरत है क्योंकि उनके विचार हर समय प्रेरणा देते हैं। इस आयोजन में प्रदेश के विभिन्न स्थानों की पार्टियों ने पंथी नृत्य प्रस्तुत किया। उन्हें कुल मिलाकर सवा लाख रुपए के पुरस्कार अतिथियों के द्वारा दिए गए। आयोजन में 10 हजार से ज्यादा लोगों ने भंडारा में प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति ने अतिथियों को भी सम्मानित किया। इस आयोजन में सतनामी समाज, महिला समिति, पुजारी समिति आदि ने अपना शानदार योगदान दिया। समिति ने कहा कि अगले वर्षों में भी और अच्छे कार्यक्रम किए जाएं, यह हमारी कोशिश होगी।

### गेवरा प्रबंधन से मुलाकात

**कोरबा।** अमगांव बाम्हनपाठ के भू विस्थापितों ने गेवरा प्रबंधन से मुलाकात करते हुए कहा कि क्षेत्र के बेरोजगार भूविस्थापितों के काम दिया जाए। यहां जितनी कंपनिया है उन सब में बेरोजगारों को नौकरी देने की आवश्यकता है। भूविस्थापितों की ओर से प्रभा कंवर भूनेश्वरी दास, धनजंय दीवान ने प्रबंधन से कहा कि भूमि अधिग्रहित करने बाद लोगों के सामने रोजी रोटी की समस्या उतपन्न हो गयी है। तत्काल भूविस्थापितों को नौकरी प्रदान किया जाए।



























स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com